तापमान

अधिकतम 42.4 डिग्री

न्यूनतम 24.5 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 24 अप्रैल 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



रेलवे स्टेशन में हाईड्रेन पाइप से नहाता व्यक्ति, हो रही पानी की बर्बादी।

## खबर संक्षेप

### सुपर स्पेशयलिटी हॉस्पिटल में लोकार्पण 26 को

**बिलासपुर।** केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू 26 अप्रैल को दोपहर 12 बजे कुमार साहब स्व. दिलीप सिंह जूदेव शासकीय सुपर स्पेशलिटी अस्पताल कोनी में अत्याधुनिक रक्त केंद्र, माइक्रोबायोलॉजी, हार्मोन लैब तथा एआई पावर्ड माइक्रोस्कोपी यूनिट का लोकार्पण करेंगे। एनटीपीसी सीपत द्वारा सीएसआर मद के अंतर्गत लगभग 4.27 करोड़ रुपए के उपकरण प्रदान किए गए हैं। अस्पताल के संयुक्त संचालक सह चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि इस अवसर पर विशिष्ट उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल भी शामिल होंगे। साथ ही विधायक धरम लाल कौशिक, अमर अग्रवाल, धर्मजीत सिंह, सुशांत शुक्ला, अटल श्रीवास्तव, दिलीप लहरिया, महापौर पूजा विधानी, संभागायुक्त सुनील जैन, कलेक्टर संजय अग्रवाल, एनटीपीसी सीपत के परियोजना प्रमुख स्वपन कुमार मंडल शामिल होंगे।

### जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आज

**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता समिति बैठक 24 अप्रैल को दोपहर 3 बजे से जिला कार्यालय के मंथन सभा कक्ष में होगी। बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा, अनुबंधित कार्यों की समय सीमा में वृद्धि, समूह जल प्रदाय योजनाओं की अनुबंधित देयकों की भुगतान और समय विस्तार पर चर्चा होगी। इसके साथ ही संशोधित स्वीकृति, सपोर्ट एवं जल गुणवत्ता से संबंधित सामग्री क्रय, जिला तकनीकी इकाई के लिए समिति गठन तथा केएमएल फाइल तैयार करने जैसे विषयों पर भी चर्चा होगी। हर घर जल के तहत एफएचटीसी के ऑनलाइन एवं ऑफलाइन अंतर, गर्मी के मौसम में 4 वाहनों की व्यवस्था एवं यूनिट विजिट, सीआईआरपी एवं स्त्रोत स्थायित्व की कार्ययोजना पर विचार विमर्श किया जाएगा।

### हरदेव लाल मंदिर परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 26 को

**बिलासपुर।** गायत्री शक्तिपीठ तथा हरदेव लाल भगवती मंदिर के सौंजन्य से 26 अप्रैल रविवार को सुबह 8 बजे से 10 बजे तक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में डॉ शुभाशीष महतो, डॉ आलोक सुल्तानिया, डॉ एॅम पी सामल, डॉ एस बी सिंह, डॉ गीता विश्वकर्मा तथा डॉ प्रियंका नेताम अपनी सेवाएं देंगे।

### अवैध बोर खनन, मकान मालिक को नोटिस

**बिलासपुर।** भीषण गर्मी में जलस्तर लगातार नीचे गिरने के कारण जिला प्रशासन द्वारा भूजल का अनावश्यक दोहन रोकने के उद्देश्य से गर्मी में बोर खनन पर रोक लगाई गई है। इधर रोक के बाद भी गीतांजलि सिटी में एक व्यक्ति के द्वारा अपने घर में अवैध रूप से बोर करने की शिकायत मिली है। प्रशासन द्वारा मकान मालिक को नोटिस जारी किया गया है। प्रतिबंध लगाने के बाद भी गीतांजलि सिटी में एक व्यक्ति के द्वारा अवैध तरीके से बोर खनन करवा दिया गया। अवैध बोर खनन की सूचना मिलते ही एसडीएम द्वारा मौके पर एक टीम भेजी गई थी, लेकिन वहां पहुंचते तक बोर मशीन खनन कर जा चुकी थी। इस मामले में मकान मालिक को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। गिरते जलस्तर के कारण दो महीने के लिए प्रशासन द्वारा बोर खनन पर रोक लगाई गई है। लोग अपने निजी स्वार्थ के चलते अवैध तरीके से अभी भी बोर खनन कर रहे हैं। एसडीएम मनीष कुमार साहू ने बताया कि गीतांजलि सिटी में अवैध तरीके से बोर खनन होने की सूचना मिली थी। मौके पर टीम भेजी गई थी, लेकिन तब तक बोर खनन किया जा चुका था। मकान मालिक को नोटिस जारी किया गया है।

# छग में पतली पन्नी बनाने वाली एक भी फैक्ट्री नहीं, 450 करोड़ का बाजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अकेले बिलासपुर में प्लास्टिक व डिस्पोजेबल का लगभग 450 करोड़ का सालाना कारोबार होता है। संभाग की बात करें तो प्लास्टिक का उत्पादन करने वाली 31 इकाइयां हैं, 8 थोक विक्रेता और लगभग 3 हजार फुटकर विक्रेता इसके कारोबार में शामिल हैं। हालांकि छत्तीसगढ़ में पतली पन्नी बनाने वाली एक भी फैक्ट्री नहीं है। सारा माल नागपुर और सूरत के साथ दिल्ली से आता है। रोजाना ट्रकों में भरकर यह माल पहुंचता है। इन पर रोक लगाने के लिए ट्रांसपोट्रों पर कार्रवाई जरूरी है। इन सब प्लास्टिक बनाने वाली कंपनियों और फैक्ट्रियों पर कार्रवाई नहीं करते हुए निगम और प्रशासन सिर्फ छोटे व्यापारियों को परेशान कर रहा है। जब मन होता है कुछ दुकानदारों पर कार्रवाई करते हुए कुछ किलो प्लास्टिक जब्त करने की औपचारिकता निभाई जाती है।

- **रोजाना ट्रकों में भरकर यह माल पहुंचता है, रोक के लिए ट्रांसपोट्रों पर कार्रवाई जरूरी**

व्यापारियों का भी कहना है कि बैठक में पॉलीथिन बिक्री या उपयोग करने के लिए छोटे दुकानदारों पर अक्सर कार्रवाई की जाती है लेकिन जिन फैक्ट्रियों में इन प्रतिबंधित उत्पादों का निर्माण किया जा रहा है, वहां पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए, जिससे कि यह आयटम बाजार में ही उपलब्ध न हो सकें। प्लास्टिक पर प्रतिबंध को लेकर दुकानदारों पर कार्रवाई और फैक्ट्रियों पर नरमी एक बहुचर्चित मुद्दा है। हालांकि, सरकारी नियमों और हालिया रिपोर्टों में यह स्थिति थोड़ी भिन्न है, लेकिन जमीनी हकीकत में अंतर दिखता है। नियमों की बात करें तो प्रतिबंधित सिंगल-यूज़ प्लास्टिक का निर्माण, भंडारण, वितरण, बिक्री और उपयोग सब अवैध है। दूसरी ओर लेकिन कई जगहों पर दुकानदार (किराना, कपड़े के स्टोर) आसानी से पकड़े जाते हैं, लेकिन बड़े निर्माता (फैक्ट्री) छिपकर या अवैध तरीके से उत्पादन जारी रखते हैं।

## कारोबार चलता है सूरत और नागपुर से

### रिसाइकिलिंग 1 फीसदी भी नहीं है

इधर रोक के बावजूद छत्तीसगढ़ में हर महीने औसतन 900 टन (डिस्पोजल, पॉलीथिन और अन्य सिंगल यूज उत्पाद) खप रहा है। घरों से जो कचरा निकल रहा है, एक स्टडी के अनुसार उसमें पालीथिन और सिंगल यूज प्लास्टिक का हिस्सा तकरीबन 30 प्रतिशत तक है। कचरे में प्लास्टिक अलग कर उसे रिसाइकिल करना है, लेकिन हैरानी है कि प्रतिबंध के बाद भी रिसाइकिलिंग 1 फीसदी भी नहीं है। ध्यान रहे कि प्रतिबंध के इस दायरे में पॉलीस्टाइनिन और एक्सपैंडेड पॉलस्टाइनिन समेत सिंगल यूज प्लास्टिक के उत्पादन, आयात, भंडारण, वितरण, बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध है। जहां तक प्लास्टिक कचरे को डिस्पोज करने का सवाल है उसमें निगम का दावा है कि कचरा उठाने वाली कंपनियां कचरे से प्लास्टिक को अलग कर रही हैं।





### हर महीने 500 टन डिस्पोजेबल हो रहा तैयार

गौरतलब है कि 500 टन डिस्पोजेबल बिलासपुर में एक, रायपुर में चार, दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, अंबिकापुर, कटघोरा, रायगढ़ जिले में एक- एक फैक्टरी हैं। यह महीने में 500 टन डिस्पोजल प्रोडक्ट का उत्पादन कर रही हैं। ध्यान रहे कि केंद्रीय पर्यावरण संरक्षण मंडल ने 20 उत्पादों की पहचान की है। इसमें ईयर बड्स, गुब्बारे, झंडे, थर्मोकॉल प्लेट, कप, गिलास, चम्मच, चाकू, स्ट्रा आदि शामिल हैं। इसके साथ ही प्लास्टिक बैग्स, प्लास्टिक कटलरी, थर्माकोल से बनी कटलरी, कप, चम्मच, प्लेट व पानी के पाउच भी शामिल हैं। इसके अलावा थर्माकोल की प्लेट, नकली फूल, बैनर, झंडे, प्लास्टिक पानी बोतल, प्लास्टिक स्टेशनरी आइटम जैसे फोल्डर आदि का इस्तेमाल प्रतिबंधित है।

## संभाग में प्लास्टिक बनाने वाली 31 इकाइयां, शहर में 8 थोक और 3 हजार फुटकर विक्रेता

### फैक्ट्रियों से सप्लाई चेन बंद करनी होगी

शहरों में छापेमारी के बाद जिले के दुकानदारों का कहना है कि जब तक फैक्ट्रियों से सप्लाई चेन बंद नहीं होगी, तो वे माल कैसे बेचना बंद करेंगे। हर बार छोटी इकाइयों पर कार्रवाई होती है, लेकिन बड़े ब्रांड्स बचा लिए जाते हैं। हालांकि छत्तीसगढ़ प्लास्टिक निर्माता संघ के मुताबिक डिस्पोजल बनाने वाली कई फैक्ट्रियां बंद हो गईं हैं और संबंधित लोग नया कारोबार शुरू करने की तैयारी में हैं।

### अधिकांश को पता नहीं सिंगल यूज प्लास्टिक है क्या

बिलासपुर मर्चेंट एसोसिएशन के मुताबिक अगर सरकार सिंगल यूज प्लास्टिक को बंद करना चाहती है तो सबसे पहले उत्पादन बंद करे। हमारे किसी विक्रेता को पता नहीं है कि सिंगल यूज प्लास्टिक है क्या। इसी कारण सिंगल यूज प्लास्टिक व उनसे जुड़े उत्पादों के उत्पादन व इस्तेमाल को लेकर ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है। थोक कपड़ा व्यापारी संघ के अनुसार 114 कपड़े की दुकानें हैं।

### दूध के पैकेटों पर लेकिन कोई प्रतिबंध नहीं

देवभोग का 7 हजार, एबीस का 8 हजार अमूल दो हजार, दिनशा 6 हजार, वचन दो हजार और नंदनम् दूध की रोजाना खपत 2 हजार लीटर है। इस पर बैन नहीं है पर रोजाना करीब 45 से 50 हजार लीटर खुला दूध डेयरी शॉप से पॉलीथिन बैग में दिया जा रहा है। डेयरी व्यवसायी संघ के मुताबिक 200 गेज का प्लास्टिक यूज किया जा सकता है।

### रोक लगाने ट्रांसपोट्रों पर कार्रवाई जरूरी

छत्तीसगढ़ में पतली पन्नी बनाने वाली एक भी फैक्ट्री नहीं है। सारा माल नागपुर और सूरत के साथ दिल्ली से आता है। रोजाना ट्रकों में भरकर यह माल पहुंचता है। इन पर रोक लगाने के लिए ट्रांसपोट्रों पर कार्रवाई जरूरी है।

- हरीश केडिया,
प्रदेशाध्यक्ष,छत्तीसगढ़ लघु एवं सहायक उद्योग संघ

बहुमंजिला इमारत की तीसरी मंजिल में है गोदाम

# व्यापार विहार के पान मसाला गोदाम में लगी भीषण आग, मचा हड़कंप

रात 3 बजकर 30 मिनट पर लगी आग



गुरुवार को व्यापार विहार स्थित गोदाम में लगी आग को बुझाते दमकलकर्मी।

बुधवार की रात 3 बजकर 30 मिनट पर व्यापार विहार स्थित एक बहुमंजिली इमारत की तीसरी मंजिल में बनाए गए पान मसाला गोदाम में भीषण आग लगने से अफरा तफरी मच गई। गोदाम में माचिस भरे होने से बेकाबू हुई आग की लपटें गोदाम से बाहर निकलने लगीं। घण्टों मशक्कत के बाद 5 दमकल के पानी से आग पर काबू पाया गया है।

## कई घंटे तक चलती रही आग बुझाने की मशक्कत



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रात 3.30 बजे व्यापार विहार त्रिवेणी भवन के सामने गली स्थित कमल साधवानी की पान मसाला दुकान की तीसरी मंजिल स्थित गोदाम से धुंआ निकलते देख लोगों ने व्यापारियों को सूचना दी। सूचना मिलते ही दुकान संचालक व अन्य व्यापारी मौके पर पहुंच गए। गोदाम के अंदर भीषण आग लगी हुई थी। गोदाम में भारी मात्रा में माचिस का स्टाक रखा हुआ था, जिससे आग तेजी से फैलनी लगी और लपटें गोदाम के बाहर निकलने लगीं। भीषण आग लगने से आसपास के व्यापारी सक्रिय हो गए , ताकि आग उनकी दुकान तक नहीं पहुंच पाए। सूचना के आधा घण्टे बाद 4 बजे एसडीआरएफ की टीम दमकल लेकर मौके पर पहुंच गई। कर्मी दमकल के पानी से आग बुझाने में जुट गए। घण्टों मशक्कत के बाद 5 दमकल के पानी से आग पर काबू पाया गया है। आग से गोदाम में रखा पूरा सामान जलकर नष्ट हो गया है। आगजनी में कितना का नुकसान हुआ है, संचालक ने इसकी जानकारी नहीं दी है। शार्टसर्किट होने से आग लगने की संभावना जताई जा रही है।

### अशोकनगर की दुकान में लगी आग

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, बुधवार को दोपहर 2 बजे अशोकनगर अटल आवास के पास रहने वाले मीरा गुप्ता की किराना दुकान में आग लग गई थी। सूचना पर एसडीआरएफ की टीम दमकल लेकर मौके पर पहुंची। 1 घण्टे बाद आग पर काबू पा लिया गया था। आग से दुकान में रखा सामान व लकड़ी का सामान जलकर नष्ट हो गया है।



युवती ने कहा नशे में युवक उसका हाथ पकड़कर छत की ग्रिल पर बैठा था

# बैलेंस बिगड़ने पर दोनों छत से नीचे गिर गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तिफरा ईडब्ल्यूएस कालोनी के तीन मंजिला इमारत की छत से गिरकर युवक की मौत के मामले में दूसरे दिन पुलिस ने घायल युवती का बयान लिया है। युवती ने पुलिस को बताया है कि दोनों ने शराब पी थी, मृतक उसका हाथ पकड़कर छत की ग्रिल पर बैठा था, बैलेंस बिगड़ने से वह नीचे गिरने लगा, उसने बचाने की कोशिश की तो दोनों नीचे गिर गए।

- **तीसरी मंजिल की छत से युवक युवती के नीचे गिरने का मामला**

22 अप्रैल की रात तिफरा ईडब्ल्यूएस कालोनी के तीन मंजिला इमारत की छत से गिरकर यदुनंदन नगर निवासी चिरंजीव उर्फ चिंटू पाण्डेय की मौत हो गई थी। वहीं उसकी प्रेमिका गंभीर रूप से घायल हो गई थी। उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया था। युवती की रीढ़ की हड्डी फ्रैक्चर हो गई है। परिजन ने उसे सिम्स से रिफर कराकर सिविल लाइन क्षेत्र के एक निजी हास्पिटल में भर्ती कराया है। 23 अप्रैल को सिरगिट्टी पुलिस ने निजी हास्पिटल में जाकर घायल युवती का बयान दर्ज किया है। युवती ने पुलिस को बताया कि वह पिछले दो साल से मृतक के साथ रिलेशनशिप में थी। 22 अप्रैल की रात 1.30 बजे मृतक ने शराब पीने के बाद फोन कर उसे मिलने के लिए बुलाया। उसके बाद वह उसे लेकर लेकर होटल गया। होटल में पैसा अधिक लगने से कुछ घण्टे समय बिताने के लिए वे कालोनी में बने मकान की छत पर चले गए थे। छत में दोनों ने शराब पी। उसके बाद नशे में मृतक उसका हाथ पकड़कर छत की ग्रिल पर बैठ गया। बैलेंस बिगड़ने पर वह गिरने लगा। उसने बचाने की कोशिश की किन्तु मृतक ने उसका हाथ जोर से पकड़कर रखा था, जिससे दोनों नीचे गिर गए और बेहोश हो गए। आधा घण्टा बाद उसे होश आया तो उसने मृतक को उठाने की कोशिश की, किन्तु वह खुद नहीं उठा पा रही थी। उसने कालोनी के लोगों से मदद मांगी, किन्तु कोई मदद करने के लिए नहीं आया। कुछ देर बाद पुलिस आई और दोनों को सिम्स लेकर गई।



तीन मंजिला छत से नीचे गिरे प्रेमी-प्रेमिका, प्रेमी की मौत

# भीषण गर्मी को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

**बिलासपुर।** प्रदेश में बढ़ती गर्मी और लू के खतरे को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने आमजन और स्वास्थ्य संस्थानों के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों में लू के लक्षण, बचाव के उपाय, प्रारंभिक उपचार तथा अस्पतालों में आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया है।

राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जारी निर्देशों में कहा गया है कि प्रदेश में तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे लू (हीट स्ट्रोक) की संभावना बढ़ गई है। ऐसी स्थिति में जनस्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है, इसलिए समय रहते सतर्कता और बचाव अत्यंत आवश्यक है। जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार लू के प्रमुख लक्षणों में सिरदर्द, तेज बुखार, चक्कर आना, उल्टी, शरीर में दर्द, अत्यधिक गर्मी के बावजूद पसीना न आना, अत्यधिक प्यास लगना, पेशाब कम आना तथा बेहोशी शामिल हैं। इन लक्षणों को नजरअंदाज न करते हुए तुरंत आवश्यक कदम उठाने की सलाह दी गई है। लू से बचाव के लिए नागरिकों को दोपहर के समय अनावश्यक रूप से बाहर न निकलने, धूप में निकलते समय सिर और कान ढंकने, पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और हल्के, सूती कपड़े पहनने की सलाह दी गई है। अधिक पसीना आने पर ओआरएस घोल का सेवन करने तथा चक्कर या घबराहट होने पर छायादार स्थान पर आराम करने और ठंडे पेय पदार्थ लेने की भी सलाह दी गई है। जरूरत पड़ने पर 104 आरोग्य सेवा केंद्र से निरूशुल्क परामर्श लेने को कहा गया है। लू से प्रभावित व्यक्ति के लिए प्राथमिक उपचार के रूप में सिर पर ठंडे पानी की पट्टी रखना, शरीर पर ठंडे पानी का छिड़काव करना, पर्याप्त तरल पदार्थ देना तथा मरीज को हवादार स्थान पर लिटाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही गंभीर स्थिति में तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाने पर जोर दिया गया है।

बिलासपुर में पांच लोगों को जारी किए गए आदेश

# जमीन का होने लगा ऑनलाइन डायवर्सन, मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में अब आनलाइन डायवर्सन के आदेश होने लगे हैं। बिलासपुर अनुभाग में पांच पक्षकारों को आनलाइन डायवर्सन के आदेश जारी किए गए हैं, वहीं तीस आवेदक अपनी जमीन के डायवर्सन के लिए इंतजार में हैं। बिल्हा अनुभाग में भी आनलाइन डायवर्सन के आदेश किए गए हैं।

- **अभी तीस पक्षकार कतार में**

आनलाइन डायवर्सन को लेकर पिछले छह महीने से चल रही संशय की स्थिति अब समाप्त हो चुकी है। जिले में आनलाइन डायवर्सन के आदेश होने लगे हैं। बिलासपुर व बिल्हा में भूस्वामियों को आदेश जारी किए गए हैं। सरकार द्वारा डायवर्सन की व्यवस्था आनलाइन करने की घोषणा के ढाई महीने बाद भी इसकी विस्तृत गाइडलाइन नहीं भेजने के कारण इसकी प्रक्रिया में काफी विलंब हो गया था। लोगों के आवेदन प्रस्तुत ही नहीं हो पा रहे थे। इधर गाइडलाइड आने के बाद एप में इतनी खामियां आती रहीं, जिसमें राजस्व विभाग के अधिकारी ही उलझकर रह गए थे। हालांकि सारी कमियां अब समाप्त की जा चुकी हैं, वहीं पक्षकारों को उनकी जमीन का ऑनलाइन डायवर्सन आदेश भी मिलना शुरू हो चुका है। विभाग के अनुसार आवेदन करने से लेकर आदेश जारी होने तक की पूरी प्रक्रिया में लगभग पंद्रह दिनों का समय लगना है। डायवर्सन की प्रक्रिया पहले की तुलना में अब काफी सरल हो चुकी है।

### टुकड़ों में नहीं हो सकेगा डायवर्सन

अगर किसी व्यक्ति के पास एक एकड़ जमीन है, जिसमें से वह दस डिसमिल भूमि का डायवर्सन कराना चाहता है, तो एप में उसका आवेदन स्वीकार ही नहीं किया जाएगा। जमीन मालिक को अपनी पूरी एक एकड़ जमीन का एक साथ डायवर्सन करवाना पड़ेगा। यही कारण है कि ऑनलाइन डायवर्सन कराने के लिए अभी आवेदकों की संख्या काफी कम है।

### प्रकरण निरस्त होने पर राशि की वापसी का विकल्प नहीं

ऑनलाईन डायवर्सन के लिए आवेदन प्रस्तुत करने के पहले ही भूस्वामी को डायवर्सन शुल्क का भुगतान करना होगा। किसी कारणवश भूस्वामी का प्रकरण निरस्त किया जाता है, तो उसके द्वारा जमा किए गए डायवर्सन शुल्क की वापसी का एप में फिलहाल कोई विकल्प नहीं है। बिलासपुर अनुभाग में एक प्रकरण निरस्त किया गया है, लेकिन भूस्वामी द्वारा जमा किए गए डायवर्सन शुल्क की वापसी नहीं हो सकी है। राजस्व विभाग के अनुसार राशि की वापसी का विकल्प भी जल्द ही एप में आ जाएगा।

### आवेदन कम मिले

चार से पांच लोगों को ऑनलाईन डायवर्सन के आदेश जारी किए जा चुके हैं, जबकि तीस आवेदक अभी कतार में हैं। टुकड़ों में डायवर्सन नहीं होने के कारण आवेदनों की संख्या फिलहाल कम ही है।

-मनीष कुमार साहू
एसडीएम बिलासपुर

### संख्या पता नहीं

बिल्हा में भी कई आवेदकों को ऑनलाईन डायवर्सन के आदेश जारी किए जा चुके हैं। अभी अवकाश में होने के कारण वास्तविक संख्या बता पाने में असमर्थ हूं।

-आकांक्षा त्रिपाठी
एसडीएम बिल्हा

## खबर संक्षेप

### डॉ. ऐश्वर्य मढ़रिया का दिल्ली में व्याख्यान

**बिलासपुर।** दिल्ली में आयोजित 76 वें वार्षिक दिल्ली ऑप्थल्मोलॉजिकल सोसायटी के राष्ट्रीय नेत्र विशेषज्ञों के सम्मेलन में नेत्र विशेषज्ञ रेटिना, आरओपी विशेषज्ञ डॉ. ऐश्वर्य मढरिया का व्याख्यान है।



दिल्ली नेत्र सोसायटी का वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन 24, 25, 26 अप्रैल को भारत मंडपम प्रगति मैदान में आयोजित किया गया है। इसमें पूरे भारत से लगभग 3000 नेत्र विशेषज्ञ भाग लेंगे। इस सम्मेलन में मोतियाबिंद के एडवांस फेको ऑपरेशन, डायबिटीज से होने वाले अंधत्व के निवारण के लिए नवजात शिशु बच्चों में होने वाले परदे की बीमारी आरओपी काँचबिंद व बच्चों के आंख के कैंसर की नई एडवांस विधि के बारे में व्याख्यान व शोध पत्र पढ़ा जाएगा। आशीर्वाद नेत्र चिकित्सालय के नेत्र विशेषज्ञ व रेटिना व आरओपी विशेषज्ञ डॉ. ऐश्वर्य मढरिया का व्याख्यान डायबिटीज के रेटिना की बीमारी व नवजात शिशु के परदे की बीमारी आरओपी. रेटिनोपैथी आफ प्रीमेच्योरिटी से होने वाले अंधत्व से बचने के उपाय व लेजर से इलाज के बारे में व्याख्यान पढ़ेंगे और एडवांस विधि के बारे में बताएंगे। ज्ञात हो डॉ. ऐश्वर्य मढरिया को एलवीपी हैदराबाद से रेटिना व आरवीपी की विशेषज्ञता प्राप्त हैं। इसका सीधा लाभ मरीजों को मिलेगा।

### माहेश्वरी समाज की महिलाओं ने मनाई अक्षय तृतीया

**बिलासपुर।** माहेश्वरी समाज की महिलाओं ने अक्षय तृतीया पर पक्षियों के लिए छत, बालकनी, बगीचा, मंदिर एवं पेड़ों पर सकोरे में पानी और दाना रखा। साथ ही बताया कि अक्षय तृतीया के दिन किए हुए अच्छे कर्म का अक्षय पुण्य मिलता है। विष्णु के छठे अवतार परशुराम भगवान की जयंती के दिन से निरंतर चलने वाला यह प्रकल्प निरंतर चलेगा। उनका कहना है कि यह एक छोटी सी पहल पक्षियों के लिए जीवनदायिनी साबित होती है। उन्हें दाना देने से ग्रहों के नकारात्मक प्रभाव को कम कर सकते हैं। घरों में सुख-समृद्धि आती है। मानसिक शांति मिलती है। वहीं गरीबों को आवश्यक वस्तुओं का दान किया गया। इस आयोजन में विनीता, सुधा, नीलम, सरिता, सरोज, किरण, शीला, ममता, सुजिता, पूजा, नीता, मंजू, कुसुम, अंजना, पूनम, ख्याती, रिया, दीपाली, श्वेता, आरती की सहभागिता रही।



### महिला आरक्षण मुद्दे को लेकर भाजयुमो ने कांग्रेस का पुतला फूंका

**बिलासपुर।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिला आरक्षण बिल पारित नहीं होने के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला बिलासपुर शहर द्वारा जिला मुख्यालय में जीडीसी कॉलेज के सामने अम्बेडकर चौक में कांग्रेस का पुतला दहन कर जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस दौरान भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने विपक्ष कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कांग्रेस पार्टी सहित पूरे विपक्ष का पुतला दहन किया और महिलाओं के अधिकारों की अनदेखी पर नाराजगी जताई। प्रदर्शन के दौरान भाजयुमो जिलाध्यक्ष वैभव गुप्ता ने कहा कि इस अधिनियम का विरोध करके उनके जीवन में आने वाली खुशहाली को छीन लिया है। महिलाओं को मिलने वाले अधिकार से उन्हें कांग्रेस पार्टी ने वंचित किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिल के पारित नहीं होने से महिलाओं के सशक्तिकरण को नुकसान पहुंचेगा और वर्तमान समय में राजनीति और निर्णय लेने वाली संस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना बेहद जरूरी है। भारतीय जनता पार्टी महिलाओं को सम्मान और अधिकार दिलाने के लिए लगातार संघर्ष करती रही है और आगे भी करती रहेगी। इस मौके पर बिलासपुर नगर निगम महापौर श्रीमती पूजा विधानी, जिला मंत्री रितेश अग्रवाल, भाजयुमो जिला अध्यक्ष वैभव गुप्ता, सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### घरेलू और पंप कनेक्शन के रजिस्ट्रेशन राशि में पांच फीसदी की छूट

**बिलासपुर।** विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित ने एक नया आदेश जारी किया है, जिसके तहत घरेलू और पंप कनेक्शन के रजिस्ट्रेशन की राशि जमा करने वाले उपभोक्ताओं को पांच फीसदी की छूट प्रदान की गई है। इस नया आदेश से उपभोक्ताओं को भी लाभ मिल सकेगा। छत्तीसगढ़ प्रदेश में मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना को पिछले माह मार्च में लांच किया गया है, जिसका उद्देश्य घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को बकाया बिलों में राहत देना है। यह योजना उन परिवारों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद है जो आर्थिक तंगी के कारण बिजली बिल का भुगतान नहीं कर पा रहे थे। विभागीय अफसरों के अनुसार योजना के तहत बिजली बिल के सरचार्ज में 100 फीसदी की छूट और मूल बकाया राशि में 75 फीसदी की राहत दी जा रही है। योजना का लाभ उठाने के लिए 30 जून तक पंजीयन कराया जा सकता है। इसमें उपभोक्ताओं को बकाया राशि का केवल 10 फीसदी हिस्सा पंजीयन के साथ जमा करना था, जिसमें एक संशोधन कर एक नई गाइड लाइन तैयार की गई है। इस संबंध में अधीक्षण यंत्री सुरेश जांगड़े ने बताया कि संशोधित मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना को तत्काल लागू करने का आदेश जारी किया गया है।

### वार्ड 29 संजय गांधी नगर के 201 मतदाता, वोटर लिस्ट से गायब



**बिलासपुर।** वार्ड क्रमांक 29 संजय गांधी नगर में आगामी वार्ड चुनाव को लेकर 13 अप्रैल को नगर निगम नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन किया गया। एसआईआर उपरांत प्रकाशित विधानसभा भाग संख्या 201,203 जो अब नगर निगम नामावली भाग संख्या 6 और 8 है, उसमे से 201 मतदाताओं के नाम त्रुटिपूर्वक विलोपित किए गए है। बीएलओ कि चूक से इनका समावेश वार्ड 28 में हो गया है, जो गलत है, क्यों की ये सभी वार्ड 29 के रहवासी है। शहर अध्यक्ष सिद्धांशु मिश्रा के नेतृत्व में आज इसके विरोध और त्रुटि को सुधार के पुनः इन 201 मतदाताओं का नाम वार्ड 29 में जोड़ने कलेक्टर जो को ज्ञापन दिया गया। इन मतदाताओं का सत्यापन हल्का पटवारी, बीएलओ एवम संबंधित अधिकारियों द्वारा 22 अप्रैल को किया गया है। दावा- आपत्ति 17 अप्रैल को संबंधित अधिकारियों को दी जा चुकी है। ज्ञान सौंपने वालों में सिद्धांशु मिश्रा,भरत कश्यप, शिबली मिराज, संतोष गर्ग, मोहम्मद आजम, तरुण यादव, विक्की यादव, सुजल खरे, नरेंद्र टंडन, जयपाल निर्मलकर, दीपक कौशिक, तस्लीम ख़ान आदि मौजूद थे।

---

**संवरेगी अरपा** — शिवघाट बैराज एरिया से एक साल के प्रयास के बाद कोनी शिफ्ट हुए कब्जाधारी

# पचरीघाट बैराज में लग रहा ट्रांसफार्मर, शिवघाट से हटाए गए अवैध कब्जाधारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खबर का असर

अरपा नदी पर पचरीघाट में बनाए गए बैराज में आखिरकार एक महीने के इंतजार के बाद विद्युत विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर लगाने की प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। अब बैराज पर आवागमन करने वाले शहरवासियों को अंधेरे का सामना नहीं करना पड़ेगा। इसी तरह शिवघाट बैराज एरिया में अवैध कब्जा करके रहने वाले लगभग सारे कब्जाधारियों ने कोनी के अटल आवास में अपनी शिफ्टिंग कर ली है, जिससे अब बारिश में बराज के गेट बंद करने से कोई दिक्कत नहीं होगी।

हरिभूमि में बीते दिनों 'बैराज तैयार,,,ट्रांसफार्मर का इंतजार' शीर्षक के साथ प्रकाशित समाचार के बाद विद्युत विभाग द्वारा इस पर संज्ञान लेते हुए पचरीघाट बैराज में ट्रांसफार्मर लगाने की प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। अब बराज के ऊपर आवागमन करने वाले शहरवासियों को अंधेरे का सामना नहीं करना पड़ेगा। हालांकि शिवघाट बैराज अब भी ट्रांसफार्मर की स्थापना का इंतजार कर ही रहा है, जबकि सिंचाई विभाग द्वारा इसके लिए भी विद्युत विभाग को राशि का भुगतान एक महीने पहले ही किया जा चुका है। विद्युत विभाग द्वारा नए वित्तीय वर्ष का पहला महीना होने के कारण बजट के अभाव के चलते ट्रांसफार्मर की स्थापना में विलंब होने की बात कही जा रही है। हालांकि एक सप्ताह के भीतर ट्रांसफार्मर स्थापित हो जाने की संभावना भी जाहिर की गई है। इधर शिवघाट बैराज के आसपास अवैध तरीके से कब्जा कर निवासरत करीब 43 परिवारों को भी कोनी के अटल आवास में शिफ्ट किया जा चुका है। सिंचाई विभाग एवं नगर निगम के द्वारा कब्जाधारियों की शिफ्टिंग के लिए बीते एक साल से प्रयास किया जा रहा था, लेकिन किसी ना किसी कारणवश उनकी शिफ्टिंग नहीं हो पा रही थी। बीते दिनों सिंचाई विभाग द्वारा इस विषय को कलेक्टर टीएल की मीटिंग में उठाए जाने के बाद इसके लिए प्रयास तेज करते हुए तत्काल प्रभाव से बचे हुए कब्जाधारियों को कोनी के अटल आवास में शिफट किया गया है।



शिवघाट बैराज पर चल रहा काम।



शहर का शिवघाट व पचरीघाट बराज पूरी तरह बनकर तैयार

बराज तैयार, टांसफार्मर का इंतजार

#### ट्रांसफार्मर लगाने की प्रक्रिया शुरु

पचरीघाट बैराज में विद्युत विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर लगाने की प्रक्रिया शुरु कर दी गई है, लेकिन शिवघाट में लगाया जाना शेष है। शिवघाट बैराज के आसपास अवैध तरीके से रहने वाले सभी परिवारों को भी अब कोनी अटल आवास शिफ्ट किया जा चुका है।

**-एमके चंद्रा**, ईई खारंग जलसंसाधन संभाग

#### बजट का अभाव है

वित्तीय वर्ष का शुरूआती महीना होने के कारण बजट का अभाव है, जिससे ट्रांसफार्मर नहीं लगाया जा सका है। एक-दो दिनों में संभावना बन सकती है।

**-बीबी नेताम**, ईई सीएसईबी

#### इस साल लबालब रहेगी अरपा

पचरीघाट एवं शिवघाट बैराज के गेट बंद करने के बाद इस साल अरपा नदी पर जबर्दस्त जलभराव रहने की उम्मीद की जा रही है। जानकारों का कहना है कि अरपा नदी में जलप्रवाह अक्टूबर महीने तक प्राकृतिक रूप से ही रहता है, जिससे पूरा भरने की स्थिति में इसमें बारहों महीने पानी भरा रह सकता है।

#### रीचार्ज हो जाएगा शहर का भूजल स्तर

शहर में तीन दशक पहले तक की स्थिति में बीस से तीस फीट की गहराई में ही पानी मिल जाया करता था, जबकि यह स्थिति अब 150 फीट में भी निश्चित नहीं है। अरपा नदी पर बैराज के कारण बारहों महीने जलभराव होने के प्रभाव से शहर का भूजल रीचार्ज हो सकेगा, जिससे आने वाले समय में शहर से पानी की समस्या से कुछ राहत मिल सकेगी।

---

करीब 400 से अधिक पेड़ों पर चलेगी कुल्हाड़ी

# सड़क के साथ पार्किंग में लगे हरे-भरे पेड़ों की दी जाएगी बलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

व्यापार विहार से लेकर स्टेशन के बीच सड़क के दोनों ओर लगे हरे-भरे पेड़ों के साथ ही जोनल स्टेशन के सामने बनाई गई अस्थायी पार्किंग के पेड़ों की भी बलि दी जाएगी। इसके साथ ही करीब 400 से अधिक पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलेगी, जिसके बाद वर्तमान में कोई नया पौधरोपण करने पर विचार नहीं किया गया है।

जोन और छत्तीसगढ़ प्रदेश के अंतर्गत बिलासपुर के साथ रायपुर और दुर्ग रेलवे स्टेशन को एयरपोर्ट की तरह बनाने का काम शुरु कर दिया गया है। बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन में 392 करोड़ रुपए की लागत से रिडेवलपमेंट का कार्य इसलिए किया जा रहा है। रिडेवलपमेंट के कार्य में गेट नम्बर चार और तीन में तोड़फोड़ सहित सामने गड्ढा करने का काम किया गया है। चारों ओर शेड लगने के कारण प्रतिदिन यात्री परेशान हो रहे हैं। 32 माह में रि डेवलपमेंट के किए जाने वाले कार्यों में यात्रियों के सुगम स्टेशन प्रवेश व निकासी हेतु भव्य प्रवेश द्वार, 12 मीटर चौड़ा फुट ओवरब्रिज को एयर कांकोर्स, यात्रियों के अलावा बुजुर्गों और दिव्यांगजनों के आराम के लिए लिफ्ट, ट्रेन और कोच की स्थिति की जानकारी के लिए कोच गाइडेंस डिस्प्ले सिस्टम, मॉल्स की तरह स्टेशन पर दिशा निर्देशों और जानकारी के लिए आधुनिक साइनेज बोड्र्स, दिव्यांग यात्रियों के लिए रैंप, मार्क पार्किंग और लो हाइट टिकिट बुकिंग काउंटर, प्लेटफार्म पर दिव्यांग यात्रियों के लिए टॉयलेट, लो हाइट ड्रिंकिंग वाटर बूथ, व्हीलचेयर की व्यवस्था, प्लेटफार्म पर कोच गाइडेंस सिस्टम, साइनेज और स्टेंडर्ड टैक्सटाइल गाइड जैसे साधन व अन्य कार्य किया जाना है। इसी कार्य में एक काम सड़क चौड़ीकरण का भी है, जिसके लिए 300 से अधिक पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलाने से पहले वन विभाग को 44 लाख रुपए की राशि जमा कर दी गई है। इसके उपरांत अब रेलवे के अफसरों ने अस्थायी बनाई गई पार्किंग में लगे करीब 100 से अधिक हरे-भरे पेड़ों पर भी मार्किंग कर दी है, जिसमें कभी भी कुल्हाड़ी चल सकती है।





#### सड़क चौड़ीकरण का हिस्सा

स्टेशन रि डेवलपमेंट का कार्य बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन में किया जा रहा है। इसमें यात्रियों की सुविधा के लिए कई कार्यों को किया जाना है। इस कार्य में पेडों की कटाई का भी काम हैं। पार्किंग में लगे पेड़ों की अगर मार्किंग की गई है तो वह भी सड़क चौड़ीकरण का हिस्सा होगा, क्योंकि करीब 30 मीटर चौड़ी सड़क में कई पुरानी बिल्डिंग का हिस्सा चले जाएगा। वहीं नई पार्किंग स्टेशन की बिल्डिंग के नीचे पोर्च पर होगी।

**-अनुराग कुमार सिंह**, सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

---

# सिम्स के डाक्टरों ने मरीज की पलक का किया सफल पुनर्निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) के डॉक्टरों की टीम ने 22 वर्षीय युवक के स्किन ग्राफ्टिंग से मरीज के पलक सफल पुनर्निर्माण कर युवक को नई दृष्टि और सामान्य जीवन की ओर लौटने का अवसर प्रदान किया है। सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हुई आंख की निचली पलक का सफल ऑपरेशन कर मरीज को बड़ी राहत मिली है।



डाक्टरों ने बताया कि युवक दिसंबर 2025 में एक सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया था। हादसे में उसकी आंख की निचली पलक क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिससे वह अपनी आंख पूरी तरह बंद नहीं कर पा रहा था। प्रारंभिक उपचार के बावजूद स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ, जिसके बाद वह सिम्स के नेत्र रोग विशेषज्ञों से चर्चा की। नेत्र विशेषज्ञों द्वारा गहन जांच के बाद सर्जरी का निर्णय लिया गया। ऑपरेशन के दौरान पलक पर बने पुराने कठोर निशान (स्कार टिश्यू) को हटाया गया। इसके बाद पलक की संरचना को पुनः सामान्य करने के लिए उन्नत स्किन ग्राफ्टिंग तकनीक का उपयोग किया गया। सर्जरी अत्यंत जटिल थी, क्योंकि ग्राफ्ट का आकार बड़ा था। इसके बावजूद विशेषज्ञों ने सफलतापूर्वक स्किन ग्राफ्ट का प्रत्यारोपण कर पलक और गाल के हिस्से का पुनर्निर्माण किया। इस सफल सर्जरी में डॉ. सुचिता सिंह, डॉ. प्रभा सोनवानी, डॉ. कौमल देवांगन, डॉ. विनोद ताम्कनंद, डॉ. डेलीना नेल्सन, डॉ. संजय चौधरी एवं डॉ. अनिकेत सहित नर्सिंग स्टाफ सिस्टर संदीप कौर तथा नेत्र, सर्जरी एवं निश्चेतना विभाग की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सिम्स के अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति ने कहा कि सिम्स में स्वास्थ्य सेवाओं का स्तर निरंतर बेहतर हो रहा है।

हमारे विशेषज्ञ चिकित्सक जटिल से जटिल मामलों में भी उत्कृष्ट परिणाम दे रहे हैं। यह उपलब्धि संस्थान की आधुनिक सुविधाओं और डॉक्टरों की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह ने कहा कि इस प्रकार की जटिल सर्जरी का सफल निष्पादन हमारी टीम की समन्वित कार्यप्रणाली और विशेषज्ञता को दर्शाता है।

---

## न्याय यात्रा निकालकर एयू का किया घेराव

**बिलासपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा यूनिवर्सिटी व कालेजों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को हो रही समस्याओं सहित 13 सूत्रीय मांगों को लेकर गुरुवार को विद्यार्थी न्याय यात्रा निकालकर अटल यूनिवर्सिटी का घेराव किया। छात्रों ने नारेबाजी प्रदर्शन करते हुए कुलपति प्रो. एलपी पटेरिया से मिलकर परीक्षा परिणामों में गउबड़ी, छात्रवृत्ति, कैंपस में सुरक्षित वातावरण, पेयजल तथा आनलाइन पोर्टल संबंधित विषयों के संबंध में 13 सूत्रीय मांगें रखीं।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तहत छात्रों की भीड़ यूनिवर्सिटी के मेनगेट से नारेबाजी करते हुए प्रशासनिक भवन पहुंचे जहां पर नारेबाजी प्रदर्शन करते हुए घेराव किया। घंटेभर तक घेराव कुलपति प्रो. एलपी पटेरिया सहित यूनिवर्सिटी के शिक्षक, अधिकारी छात्रों से मिलने पहुंचे और उनसे चर्चा की। छात्रों ने परीक्षा परिणाम में हुई गड़बड़ी तथा छात्रों को हो रही विभिन्न समस्याओं को यूनिवर्सिटी की नाकामी बताते हुए छात्रहित में इन समस्याओं का समाधान करने की मांग करते हुए उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी के साथ-साथ आनलाइन पोर्टल तथा विद्यार्थियों को हो रही गंभीर समस्याओं को लेकर यूनिवर्सिटी प्रशासन की निष्क्रियता पर सवाल उठाते हुए समस्याओं के जल्द से जल्द समाधान की मांग की गई। इसी तरह यूनिवर्सिटी परिसर में स्वामी विवेकानंद के प्रतिमा की स्थापना, महाविद्यालय परिसरों में सुरक्षा गार्डस की नियुक्ति एवं पेयजल संबंधित समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की गई। आज के इस घेराव प्रदर्शन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छग प्रदेश सह मंत्री हेमांशु कौशिक, प्रदेश यूनिवर्सिटी प्रमुख जितेन्द्र साहू, महानगर मंत्री अतिन्द्रधर दीवान, अजय दुबे, प्रणव गौतम, साक्षी श्रीवास्तव, वैष्णवी परसाई, सुजय पाण्डेय, सुधांशु यादव, गगन दुबे, प्रेम मानिकपुरी, विपुल अग्रवाल, झनकार साहू, अनुराग कबीर, अतुल साहू, मिथलेश, उत्तम चौहान, अजय पाण्डेय, निश्चय, राहुल, अर्चना, प्रेरणा, रानी, सत्यवान आदि मौजूद रहे।



- एबीवीपी ने कुलपति से मिलकर 13 सूत्रीय मांगें रखीं

### गौ हत्या बंद कराने चलाया अभियान, किया विमोचन

**बिलासपुर। गौ सम्मान आह्वान अभियान द्वारा** गौ सेवा एवं संरक्षण तथा उसे राष्ट्र माता घोषित कराने एवं गौ हत्या पूर्ण रूप से बंद कराने की माँग को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि मेयर पूजा विधानी रहीं। अध्यक्षता डॉ विनय कुमार पाठक ने की। डॉ रमेश चन्द्र श्रीवास्तव, डॉ विष्णु कुमार तिवारी, राजेश सोनार, ध्रुव देवांगन तथा सुखेन्द्र श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि थे। इस अवसर पर राम निहोरा राजपूत, सुखेन्द्र श्रीवास्तव एवं राजेश सोनार द्वारा गौ सेवा एवं संरक्षण पर केन्द्रित गीतों की संगीतमय प्रस्तुति की गई। गौ सेवा एवं संरक्षण के लिए गौ माता को राष्ट्र माता घोषित कराने एवं गौ हत्या पूर्ण रूप से बंद कराने की माँग को लेकर हस्ताक्षर अभियान के सराहनीय कार्य के लिए राम निहोरा राजपूत का सम्मान किया गया। इसके लिए पंपलेट का विमोचन तथा वितरण किया गया।

### खूंटाघाट से छोड़ा जाएगा पानी कल, भरे जाएंगे तालाब

**बिलासपुर।** जिले में बढ़ती जल आवश्यकता को देखते हुए जिला प्रशासन ने खूंटाघाट जलाशय से नहरों के माध्यम से गांवों के निस्तारी तालाब को भरने का निर्णय लिया है। कलेक्टर के निर्देश पर जल संसाधन विभाग द्वारा 25 अप्रैल को सुबह 11 बजे से खारंग जलाशय के बाएं और दाएं तट की नहरों में पानी छोड़ा जाएगा। नहर किनारे बसे 107 गांवों के 211 तालाबों को भरने की योजना बनाई गई है। यह निर्णय जनप्रतिनिधियों की मांग और ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की जरूरत को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे नहर के पानी का उपयोग केवल निस्तारी तालाब भरने के लिए ही करे।

---

सीवीआरयू में विश्व पुस्तक और कॉपीराइट दिवस पर कार्यक्रम

# किताबें व्यक्तित्व का निर्माण करती हैं, जीवन की मिलती है सीख

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डॉ. सी वी रमन विश्वविद्यालय के जगन्नाथ प्रसाद चौबे केंद्रीय लाइब्रेरी में विश्व पुस्तक और कॉपीराइट दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुस्तक प्रदर्शनी लगाई गई और विद्यार्थियों को पुस्तक पढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।महापुरुषों, धार्मिक और विषयगत पुस्तकों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के अध्यक्ष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि युवा पीढ़ी लगातार पढ़ने की प्रवृत्ति से दूर होती जा रही है। हम छोटे वीडियो में अधिक व्यस्त रहते हैं। उन्होंने कहा कि हमें इससे दूर होकर पढ़ने की आदत को निरंतर बढ़ाना होगा। किताबें व्यक्तित्व का निर्माण करती हैं और उनसे सार, तत्व तथा जीवन की सीख मिलती है।




#### संदेश और विचारों का प्रभावी संप्रेषण पुस्तकों से ही संभव

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ. अरविंद कुमार तिवारी ने कहा कि संदेश और विचारों का प्रभावी संप्रेषण पुस्तकों के माध्यम से ही संभव है। इसे बनाए रखने के लिए हमें निरंतर पढ़ने की आदत विकसित करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय पिछले तीन वर्षों से लगातार "पुस्तक यात्रा" का आयोजन कर रहा है। प्रतिवर्ष 1,000 से अधिक स्कूलों में पहुंचकर विद्यार्थियों को पुस्तक पढ़ने के लिए प्रेरित किया जाता है और उन्हें पुस्तकें भी प्रदान की जाती हैं। इस अवसर पर डॉ. संगीता सिंह ने स्वागत भाषण दिया और पुस्तकों के महत्व को बताया।

#### ऑटोमेटेड लाइब्रेरी रमन विवि में

कुलपति ने बताया कि मध्य भारत की पूर्ण रूप से ऑटोमेटेड लाइब्रेरी डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित जगन्नाथ प्रसाद चौबे केंद्रीय पुस्तकालय पूर्ण रूप से ऑटोमेटेड है। यह मध्य भारत की सबसे पहले और एकमात्र ऑटोमेटेड लाइब्रेरी है। जहां विद्यार्थियों को ऑटोमेटिक रूप से पुस्तक जारी की जाती है। लाइब्रेरी में पुस्तक वापस करने के लिए भी ऑटोमेटिक प्रक्रिया भी है। लाइब्रेरी में पुस्तक लेने और जमा करने के लिए किसी की आवश्यकता नहीं होती। विद्यार्थी स्वयं ऑनलाइन पुस्तक का चयन कर लेते हैं और पुस्तक का लोकेशन भी बता दिया जाता है। इसी तरह लाइब्रेरी में पुस्तक जमा करने के लिए भी एक स्थान सुनिश्चित किया गया है। जिसमें स्कैन होकर वह पुस्तक स्वत ही ऑटोमेटिक तरीके से वापस कर ली जाती है।

---

## बिजनेस प्लस

### आदित्य विजन के नए शो रूम का शुभारंभ इलेक्ट्रानिक्स खरीदी पर अनेक ऑफर



**बिलासपुर।** खमतराई चौक स्थित पेट्रोल पंप के सामने गुरूवार को आदित्य विजन का नया शो रूम शुभारंभ हो गया है। इलेक्ट्रानिक्स उपकरणों का भरोसेमंद संस्था जो 25 वर्षों से भी अधिक सेवाएं इस क्षेत्र में दे रहा है, यूपी,एमपी व बिहार के बाद छत्तीसगढ में भी दुर्ग,भिलाई व बिलासपुर में नया स्टोर की शुरूआत की है।

इन्होंने बताया कि 200 से अधिक आदित्य विजन के स्टोर संचालित हो रहे हैं,जो ना सिर्फ उपकरणों को बिक्री करते हैं। बल्कि ग्राहकों को उचिम दामों पर समान उपलब्ध कराते हैं। इन्होंने बताया कि स्टोर में सभी ब्रांडेड कंपनी के इलेक्ट्रानिक्स आईटम उपलब्ध हैं,जिनकी खरीददारी करने पर डेबिट कार्ड द्वारा पेपरलेस फाइनेंस सुविधा, जीरो डाउन पेमेंट पर मनचाहे उत्पाद की खरीदारी और त्वरित डिलिवरी, 'पुराने इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के बदले सुपर एक्सचेंज ऑफर, हाथों-हाथ आसान लोन सुविधा ग्राहकों को दी जा रही है। कैशबैक और 10 प्रतिशत तक का इंस्टेंट डिस्काउंट, क्रेडिट और डेबिट कार्ड पर लागू स्मार्टफोन, लैपटॉप और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर विशेष छूट और ऑफर्स 'लैपटॉप की खरीदारी पर वायरलेस की बोर्ड और माउस आदित्य विजन के कस्टमर को दी जा रही है। डिलीवरी व इंस्टॉलेशन भी स्टोर के द्वारा दी जा रही है। आदित्य विजन की वार्षिक 'बाय एंड विन' योजना के अंतर्गत ग्राहकों को इस वर्ष 23 करोड़ रूपये के पुरस्कार दिए जा रहे हैं। इस योजना में एक-एक घर मिलेगा, प्रथम पुरस्कार के रूप में 225 कारें और द्वितीय पुरस्कार में 1501 बाईक प्रदान की जाएंगी। हर 10 हजार रूपये की खरीदारी पर एक कूपन मिलेगा, जिससे ग्राहक इस मेगा ड्रॉ में भाग ले सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### जंगली जानवर के हमले में हुई बकरियों की मौत

तखतपुर। चितावर में एक किसान कोठे में 17 बकरियां मृत अवस्था में पाई गई थीं।मामले की जांच में जंगली जानवरों के हमले से ही बकरियों की मौत की पुष्टि हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार चितावर निवासी प्रेम लाल बिरको पिता महाजन बिरको ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, 9 अप्रैल की रात में वह अपने घर में 17 बकरा बकरियों को दाना-पानी देकर सो गया। 10 अप्रैल की सुबह जब वह उठा तो सभी 17 बकरियां मृत अवस्था में पड़ी थीं। सूचना पर पुलिस और पशु चिकित्सा विभाग की ओर से चिकित्सक डॉ हेमंत नेताम पहुंचे और आसपास के लोगों से जानकारी ली गई। इसके बाद मृत बकरियों को पोस्टमार्टम के लिए बिलासपुर लैब ले जाया गया। इधर एक साथ 17 बकरियों के मृत पाए जाने की सूचना पर वन विभाग की टीम ने मौके का जायजा लिया और अपने स्तर पर जांच शुरू की। जांच में पाया गया कि, बकरियों की मौत किसी जंगली जानवर के हमले से हुई है।

## निधन

### संतोषी गुप्ता



बिलासपुर। जूना बिलासपुर निवासी वीरेंद्र गुप्ता (कुंजबिहारी) की धर्मपत्नी संतोषी गुप्ता का गुरुवार 23 अप्रैल की शाम स्वर्गवास हो गया है। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार 24 अप्रैल को मधुबन नारियल कोठी मुक्तिधाम दयालबंद में किया जाएगा। वे सक्षम गुप्ता की माताजी थीं।

### गिरजा देवी दीक्षित



तखतपुर। शिक्षक कॉलोनी खपरी निवासी गिरजा देवी दीक्षित की 79 वर्ष की उम्र में 23 अप्रैल को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम खपरी में किया गया। वे देव नारायण दीक्षित की पत्नि एवं जीतेन्द्र, हितेंद्र, सतेन्द्र, अनुराधा तिवारी की माताजी थीं।

### कुंवारा दिवाकर



मोपका। ग्राम नगोई के प्रतिष्ठित नागरिक सूर्यवंशी समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष स्व पंचराम दिवाकर की धर्मपत्नी कुंवारा दिवाकर का 23 अप्रैल को निधन हो गया। वे अपने पीछे पांच पुत्र, तीन पुत्री व नाती-पोते से भरा पूरा परिवार छोड़ गईं। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व अन्नपूर्णा, निलकमल दिवाकर, नरेश, अश्वनी, मीना, गिरिशचंद तथा लोकप्रकाश दिवाकर की मां थीं।

### बुंदिया बाई जायसवाल



बेलतरा। बेलतरा के प्रतिष्ठित व्यक्ति स्वर्गीय सुंदरलाल जायसवाल की धर्मपत्नी बुंदिया बाई जायसवाल का 80 वर्ष की आयु में गुरुवार को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम बेलतरा में संपन्न हुआ।

### कालिंद्री कोरी



बेलतरा। ग्राम रमतला निवासी स्वर्गीय शिवकुमार कोरी की धर्मपत्नी कालिंद्री कोरी का 65 वर्ष की उम्र में 22 अप्रैल बुधवार को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम रमतला में संपन्न हुआ। वे श्रीचंद कोरी, मंजू, सोनिया, मोनिया कोरी की मां थीं।

### मनोहर सिंह भुवाल

सेतगंगा। ग्राम बड़े पौनी निवासी मनोहर सिंह भुवाल का 23 अप्रैल को निधन हो गया। वे नरेन्द्र सिंह भुवाल के छोटे भाई थे। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार 24 अप्रैल को सुबह 9 बजे गृहग्राम बड़े पौनी में किया जाएगा।

### 4 माह से भटक रहा किसान, कलेक्टर से की शिकायत

# जमीन का नहीं किया सीमांगन, आरआई पर आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी

सकरी। राजस्व विभाग में पारदर्शिता के दावों की पोल खोलता हुआ सकरी तहसील से एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां एक किसान ने सीमांकन जैसे शासकीय कार्य के एवज में रिश्वत मांग का आरोप राजस्व निरीक्षक पर लगाया है। परेशान किसान ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर लिखित शिकायत करते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है।
मामला ग्राम सलमपुर का है।

सकरी निवासी कृषक गौरीशंकर सूर्यवंशी ने बताया कि, उनकी कृषि भूमि खसरा नंबर 43 एवं 25, रकबा 0.4010 और 0.2870 हेक्टेयर, सलमपुर दबेंना रोड पर स्थित है। भूमि सीमांकन के लिए उन्होंने जनवरी 2026 में तहसीलदार सकरी के न्यायालय में आवेदन दिया था। इस पर 22 जनवरी को तहसीलदार ने राजस्व निरीक्षक अखिलेश साहू को 6 फरवरी तक सीमांकन कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश जारी किए थे। किसान का आरोप है कि, आदेश के बावजूद आरआई ने महीनों तक उसे टालते रहे। बार-बार फोन करने पर कॉल रिसीव नहीं किया गया और न ही वापस कॉल किया गया। किसान 3-4 बार कार्यालय पहुंचा, लेकिन हर बार 10 मिनट में आते हैं कहकर आरआई गायब हो जाते थे, जबकि किसान दिनभर इंतजार करता रह जाता था। किसान का कहना है कि, 16 मार्च को जब वह आरआई कार्यालय पहुंचा, तो आरआई ने साफ तौर पर रिश्वत मांग करते हुए कहा कि, पैसे दोगे तभी सीमांकन होगा, नहीं तो फुर्सत मिलने पर करेंगे। आरोप है कि, इसके बाद भी किसान ने लगातार संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उसे नजरअंदाज किया जाता रहा।



22 अप्रैल बुधवार को कोटवार के माध्यम से सूचना मिलने पर किसान अपनी जमीन पर पहुंचा, जहां आरआई भी मौके पर पहुंचे। यहां भी कथित रूप से एक बार फिर से पैसे की मांग की गई। जब किसान ने रकम देने से इंकार किया, तो आरआई बिना सीमांकन किए ही मौके से लौट गए। लगातार अपमान और आर्थिक दबाव से तंग आकर किसान ने बुधवार को कलेक्टर कार्यालय में शिकायत दर्ज कराते हुए आरआई अखिलेश साहू के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। किसान का कहना है कि, अगर समय पर सीमांकन हो जाता, तो उसे बार-बार चक्कर नहीं लगाने पड़ते।

#### पहले भी टाल मटोल के लगे हैं आरोप

आरआई अखिलेश साहू के खिलाफ काम के लिए घुमाने का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी सलमपुर के ही शिव कुमार साहू, कन्हैया लाल साहू, हरिराम साहू और अन्य किसानों ने भी सीमांकन में लापरवाही और टालमटोल को लेकर 7 अप्रैल को जनदर्शन में सामूहिक शिकायत की थी। किसानों का आरोप था कि आरआई लगातार बहाने बनाकर सीमांकन कार्य को लटकाते हैं।

#### आरोप निराधार

जिन जमीनों के सीमांकन की बात कही जा रही है, वो सलमपुर, दबेंना और बहतराई तीन गांव की सरहद है और शासकीय जमीन है। न ही वहां तिमेंड़ा चौमेड़ा मिल पा रहा है, जिसके कारण वहां एक दो लोगों के साथ सीमांकन करना संभव नहीं है। पूर्व में भी सीमांकन हेतु दल गठित हुआ था, आज दल के साथ मौके पर गया था। लगातार तीन-चार घंटे तक सीमांकन का प्रयास किया, लेकिन सीमांकन नहीं हो सका। इसके लिए जिलास्तरीय टीम की आवश्यकता है वस्तुस्थिति की जानकारी मैंने तत्काल उच्चाधिकारियों को दे दी थी। पैसे मांगने का आरोप निराधार है, आवेदक दबाव बनाने के लिए झूठी शिकायत कर रहा है।

- अखिलेश साहू, राजस्व निरीक्षक सकरी



# परशुराम जन्मोत्सव शोभायात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

बोदरी। नगर पालिका बोदरी में भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के अवसर पर श्रद्धा एवं उत्साह के साथ शोभायात्रा निकाली गई। पूरे नगर में धार्मिक माहौल देखने को मिला और जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा शोभायात्रा का स्वागत किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत वार्ड क्रमांक 9 स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में भगवान श्री लक्ष्मीनारायण जी की विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। यह पूजा आचार्य दिनेश दुबे एवं पंडित शैलेन्द्र मिश्रा ने विप्रजनों के साथ संपन्न कराई। इस पावन अवसर पर प्रयागराज से पधारे अनंत विभूषित स्वामी घनश्याचार्य जी महाराज का विशेष स्वागत किया गया। उनकी चरण पादुका का पूजन लक्ष्मीनारायण दुबे दंपत्ति ने विधिपूर्वक किया। पूजन उपरांत एयरपोर्ट रोड ओवरब्रिज से शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। शोभायात्रा में राजनांदगांव से आए कर्मा नृत्य दल ने अपनी पारंपरिक प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। साथ ही भगवान शिव, हनुमान जी एवं भगवान परशुराम जी की जीवंत एवं आकर्षक झांकियों ने श्रद्धालुओं का विशेष ध्यान आकर्षित किया। इस दौरान धर्माचार्य पंडित दुर्गेश शर्मा, भागवताचार्य चन्द्रशेखर दीक्षित, कमलनारायण उपाध्याय, दीपक पांडे, सुशील पांडे एवं राकेश उपाध्याय सहित अनेक विद्वान उपस्थित रहे। नगर के विभिन्न समाज एवं नागरिकों ने जगह-जगह फल, मिष्ठान एवं शीतल पेय की व्यवस्था कर शोभायात्रा का स्वागत किया। इस अवसर पर बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, नपा बोदरी अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय वर्मा एवं अनुराग विद्या मंदिर के अध्यक्ष कृष्ण कुमार कौशिक सहित नगर के अनेक नागरिकों ने स्वामी घनश्याचार्य जी महाराज का पुष्पमाला एवं वस्त्र अर्पित कर सम्मान किया। शाम लगभग 8 बजे शोभायात्रा का समापन हुआ, जिसके पश्चात मंचीय कार्यक्रम आयोजित किया गया।

■ स्वामी घनश्याचार्य की उपस्थिति में महौल हुआ भक्तिमय

इस दौरान पंडित विनय शर्मा, पंडित राजेश त्रिवेदी, राजेंद्र शुक्ला, अनिता शुक्ला, धर्माचार्य दुर्गेश शर्मा, डॉ रजनीश पांडेय एवं वरिष्ठ पत्रकार देवेश तिवारी को समग्र ब्राह्मण समाज द्वारा सम्मानित किया गया। अंत में समिति अध्यक्ष मंटू तिवारी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया, जिसके पश्चात प्रसाद वितरण एवं भंडारे का आयोजन किया गया।

शोभायात्रा के सफल संचालन में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वालेंटियर के रूप में गौरव शर्मा, अभिषेक पांडेय, राहुल अवस्थी, अभिषेक शर्मा, अनुराग उपाध्याय, सौरभ शर्मा, प्रहलाद उपाध्याय, निक्कू शर्मा, रितेश दीक्षित, करण शर्मा, जानी दुबे, बंटी दुबे, सुमित पांडे, सोनू शुक्ला, आयुष दुबे, नितेश पांडेय, सत्यम मिश्रा, शुभम पांडे, तुषार दुबे, रुद्राक्ष दीक्षित, प्रांशु शर्मा, दीपांशु चौबे, राज मिश्रा, नैतिक मिश्रा, सारांश शर्मा एवं अविनाश शर्मा सहित अनेक युवा सक्रिय रूप से तैनात रहे।



# मिशन कर्मयोगी के तहत समन्वयकों और प्राचार्यों की बैठक

तखतपुर। मिशन कर्मयोगी के तहत विखं तखतपुर में समन्वयकों और प्राचार्यों की बैठक आयोजित की गई, पंजीयन करने तरीके और उसके बाद कोर्स पूरा करने पर विस्तार से चर्चा की गई।

तखतपुर विकासखंड अंतर्गत शिक्षा विभाग के तहत कार्यरत सभी कर्मचारियों को मिशन कर्मयोगी के तहत निर्धारित प्रशिक्षण प्राप्त करना है। यह प्रशिक्षण सभी के लिए है जिसमें हर पद के अनुरूप कोर्स निर्धारित किया गया है। उन्हें अपने निर्धारित कोर्स को अनिवार्य रूप से पूरा करना है। इसी संबंध में बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी बिंदुओं पर जानकारी दी गई। बैठक में एबीओ प्राचार्य और संकुल समन्वयक में शामिल हुए। बैठक में अन्य विभागीय बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। बैठक में बीईओ कामेश बैरागी सहित सूर्यकांत जायसवाल, जितेंद्र शुक्ला, संगीता कोसरिया, पुष्पलता एक्का, प्रशांत शर्मा, जितेंद्र ठाकुर, बल्लभ रजक, आशुतोष श्रीनेत, लवकांत द्विवेदी, अमरदीप शर्मा, संजीव कुर्रे गेंदा उपाध्याय, प्रकाश शर्मा, नितेश सिंगरौल, मनोरमा बर्मन, राजेंद्र नामदेव, मनीष प्रसाद, रामभुवन यादव, सुशील साहू, सुरेंद्र दुबे, हीरालाल जांगड़े, प्रज्ञा नारायण पाली सहित अन्य उपस्थित रहे।

# मांगों को लेकर ग्राम पंचायत सचिव संघ का प्रदर्शन

तखतपुर। छत्तीसगढ़ ग्राम पंचायत सचिव संघ तखतपुर ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जनपद पंचायत कार्यालय के सामने धरना-प्रदर्शन कर सांकेतिक हड़ताल की। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि, पंचायत सचिवों पर लगातार शासकीय योजनाओं में अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है।

विशेष रूप से आवास योजना में प्रगति लाने एवं प्रत्येक पंचायत में 50 सोख्ता गड्ढे बनवाने के लिए दबाव डाला जा रहा है। इसके साथ ही विभिन्न शासकीय कार्यक्रमों में अतिरिक्त राशि भुगतान के लिए भी दबाव बनाया जाता है, जिससे सचिवों को मानसिक, शारीरिक एवं आर्थिक रूप से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। संघ के अध्यक्ष तुलसी ध्रुव ने यह भी आरोप लगाया कि, 15 वर्ष की सेवा पूर्ण होने के बाद भी एरियर भुगतान, पदोन्नति एवं उपादान जैसे लाभ नहीं दिए गए हैं, वहीं उनकी परिवीक्षा अवधि भी अब तक समाप्त नहीं की गई है। इस संबंध में जनपद पंचायत तखतपुर एवं जिला पंचायत बिलासपुर द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इन्हीं समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर सचिव संघ ने एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल कर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया। इस अवसर पर अश्वनी लहरे, देवदास मानिकपुरी कृष्ण कुमार कौशिक, लाल जी कौशिक, सतीश कुमार, सत्य प्रकाश साहू, दुर्गा प्रसाद मरावी ,ईश्वर प्रसाद कौशिक, महेंद्र कुमार कौशिक, मुकेश कुमार कौशिक, धर्मेंद्र कुमार पटेल, मनमोहन साहब टंडन नितेश कुमार नागेसी,अनीता मानिकपुरी विक्रम मरकाम, सूरज कुमार केवट ,रमेश कुमार पटेल, रोशनी रात्र, बलिराम नेताम, ध्रुव कुमार कश्यप, हरप्रसाद भास्कर, हेमलाल बंजारे, कृष्ण दास, राधे लाल चतुर्वेदी, कोसले, ओमप्रकाश श्रीवास, परशराम मरावी, राजकुमार सिंगर, रामलाल सिंगरौल, मंगल सिंह ध्रुव, युवराज बंजारे, राजेश्वरी साहू, रोशनी रातें, साधना जगत, सुभा साहू, पूर्णिमा पांडे, अनीता मानिकपुरी, संतोषी कश्यप, साधना कश्यप सहित अन्य उपस्थित रहे।





# सुनील की सराहनीय पहल, 24 घंटे शुद्ध पेयजल की कराई व्यवस्था

बोदरी। नगर पालिका परिषद बोदरी में भीषण गर्मी एवं जल संकट को देखते हुए इस वर्ष भी युवा नेता सुनील साहू द्वारा जनसेवा का सराहनीय कार्य किया जा रहा है। उन्होंने अपने निजी कुएं से आमजन के लिए 1 हजार लीटर की पानी टंकी लगाकर मार्केट क्षेत्र में होटल व्यवसायियों, व्यापारियों एवं सब्जी विक्रेताओं के लिए 24 घंटे शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की है। पानी की शुद्धता बनाए रखने हेतु हर 15 दिन में नियमित रूप से क्लोरीन डालकर इसे स्वच्छ एवं सुरक्षित रखा जाता है, जिससे यह पूरी तरह पीने योग्य बना रहता है।

इसी कड़ी में सुनील साहू ने पशु सेवा का भी विशेष ध्यान रखा है। सब्जी मंडी सहित विभिन्न स्थानों पर पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था की गई है। सब्जी मंडी सहित मार्केट में कई जगहों पर पानी की व्यवस्था की गई है, वहीं नीम के पेड़ की छांव के नीचे मटकों में पानी रखकर आम नागरिकों के लिए भी पेयजल उपलब्ध कराया गया है। सुनील साहू ने कहा कि, मनुष्य तो कहीं भी जाकर पानी पी सकते हैं, मगर पशु न तो किसी से कह सकते हैं, और न ही अपनी प्यास व्यक्त कर सकते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए हमने सब्जी मंडी सहित विभिन्न स्थानों पर पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था की है। साथ ही आम नागरिकों के लिए भी मटकों में पानी रखा गया है। इस सराहनीय कार्य में मंटू तिवारी, योगेश शर्मा, दीपक कौशिक, पिंटू खांडे,गुड्डा वर्मा, सन्नी मोटवानी, विकाश वर्मा सहित कई युवा साथियों का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

### घर की बाड़ी से 3 लीटर कच्ची शराब जब्त

तखतपुर। बाड़ी में छुपा कर रखी अवैध कच्ची शराब को पुलिस ने जब्त कर आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ग्राम जोगीपुर में छापेमारी करते हुए फूलचंद यादव के घर की बाड़ी में अवैध बिक्री के लिए रखी 3 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त को कर लिया। पुलिस ने आरोपी फूलचंद यादव खिलाफ आबकारी अधिनियम 34,1 क के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।

### निःशुल्क आवासीय कौशल प्रशिक्षण, प्रवेश प्रारंभ

कोरबा। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत जिला कौशल विकास प्राधिकरण द्वारा लाईवलीहुड कॉलेज तथा जिले के अन्य शासकीय प्रशिक्षण संस्थानों में विभिन्न रोजगारोन्मुखी ट्रेडों में कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाना प्रस्तावित है। यह प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क और आवासीय होगा। जिसमें चयनित हितग्राहियों को संबंधित ट्रेडों में हैंड्स-ऑन प्रैक्टिकल प्रशिक्षण दिया जाएगा।



# साहू समाज के प्रतिनिधिमंडल ने की साव से मुलाकात

सरगांव। तहसील साहू समाज सरगांव के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को राजधानी रायपुर में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव से सौजन्य भेंट की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व समाज के अध्यक्ष गोविंद साहू ने किया। इस दौरान 6 मई को सरगांव में आयोजित होने वाली मां कर्मा जयंती महोत्सव हेतु अरुण साव को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। भेंट के दौरान समाज के जिला उपाध्यक्ष साहू संघ मुंगेली रामखिलावन साहू, सचिव परमानंद साहू अध्यक्ष नपं सरगांव शंकरलाल साहू, कोषाध्यक्ष खोरबहरा साहू, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष कृष्णा साहू, संगठन सचिव राजेश साहू, उपाध्यक्ष जयराम साहू, उपाध्यक्ष इंदिरा साहू, पार्षद राकेश साहू, न्याय प्रकोष्ठ अध्यक्ष सीताराम साहू, तहसील महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष तुलसी साहू, परि अध्यक्ष सीताराम साहू, परि अध्यक्ष शोभनाथ साहू, नगर साहू अध्यक्ष सुखदेव साहू, परि अध्यक्ष जिला संगठन सचिव मनीष साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

# नीलम व विजय ने किया भगवान परशुराम शोभायात्रा का स्वागत



बोदरी। भगवान परशुरामजी के जनमोत्सव के अवसर पर नगर पालिका बोदरी में समग्र ब्राम्हण समाज ने रैली निकाली। नगर पालिका भवन के पास अध्यक्ष नीलम विजय वर्मा व सभापति विजय वर्मा ने शोभायात्रा में शामिल सभी विप्रजनों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया एवं मिल्क शेक, फल आदि सामग्रियां उपलब्ध कराई। साथ ही प्रसाद बांटकर भगवान परशुराम का आशिर्वाद लिया। इस अवसर पर सभापति श्याम आर्य, आशीष खत्री, पार्षद विष्णु साहू, अमित सजनानी, श्याम वासवानी, रवि खत्री, अमन चंदानी, अजय कलवानी, भेरू सहजवानी, पार्षद दीपक जगवानी आदि मौजूद रहे।

# पागल कुत्ते का आतंक, दहशत में लोग

तखतपुर। पागल कुत्ते के आतंक से पूरा नगर दहशत में है। गुरुवार को कुत्ते ने नगर में लगभग एक दर्जन से ज्यादा लोगों को अपना निशाना बनाया। गुरुवार को नगर के मंडी चौक सहित देवांगनपारा, ठकुरीकापा, तमेरपारा में सुबह 8 से 10 बजे तक पागल कुत्ते ने जमकर आतंक मचाया और बच्चों से लेकर महिलाओं को अपना निशाना बनाया। कुत्ते के काटने की खबर पूरे क्षेत्र में आग की तरह फैली, जिससे हड़कंप मच गया। एक तरफ कुत्ते से बचने का संदेश दिया जाता रहा, दूसरी तरफ कुत्ता लोगों को अपना शिकार बनाता रहा। कुत्ते का शिकार बने सभी लोग इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य पहुंचने लगे एवं देखते ही देखते भीड़ जमा हो गई। सभी का स्वास्थ्य केंद्र में उपचार किया गया। दिन भर कुत्ते के आतंक मचाने के बाद भी प्रशासन की ओर से कोई पहल की गई, जिसे लेकर लोगों में गहरी नाराजगी देखी गई।



**इन्हें कुत्ते ने बनाया शिकार**- जिन लोगों को कुत्ते ने काटा उसमें सुरेंद्र देवांगन 52 वर्ष तखतपुर, मान सिंह 35 वर्ष ठाकुरीकापा, जगदीश सिंह सिंगरौल 35 वर्ष , मिथलेश कुमार पटेल 43 वर्ष भथरी, प्रभात पटेल 8 वर्ष, भावेश ठाकुर 8 वर्ष तखतपुर, साहिल मनहर 25 वर्ष, शिव वर्मन 12 वर्ष, सूर्य प्रकाश दिवाकर 35 वर्ष, दसरू साहू 47 वर्ष तखतपुर, अंशु बघेल 13 वर्ष, बल्लू साहू 36, धनिश केवट 16 वर्ष, सरोज ध्रुव 45 वर्ष तखतपुर, ऋषभ 8 वर्ष तखतपुर शामिल हैं।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार गनियारी जिला -बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र. बी 121/2025-26
ग्राम कपसियाखुर्द प.ह.नं. ......

एतत् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम कपसियाखुर्द प.ह.नं 19 रा.नि.मं. गनियारी तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक जानकी बाई पित भैयारलाल निवासी ग्राम कपसियाखुर्द तहसील गनियारी जिला बिलासपुर द्वारा अपने माता के मृत्यु जन्म दिनांक 04.08.2008 का मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने शपथ पत्र, आधार कार्ड सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो वह मेरे न्यायालय में दिनांक 08.05.2026 को 10:30 बजे स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकता है बाद में प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 22.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**गनियारी**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल जूना बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**सूचना**
क्र/क/रा.नि./2026
जूना बिलासपुर, दिनांक 06.04.2026
प्रति,
1. अतुल कुमार जैन 2. पोपट मल 3. रामलाल 4. शीतला प्रसाद 5. निखिल अग्रवाल 6. डॉ. मेघानी अन्य सर्वसंबंधित हितबद्ध पक्षकार
(समीपी भूमिस्वामियों की जानकारी ज्ञापन में दर्ज/ आवेदक के बताए अनुसार)
विषय:- सीमांकन में उपस्थित होने बावत।
संदर्भ:- न्यायलय तहसीलदार का ज्ञापन क्र./क/तह./वाचक/2026, बिलासपुर दिनांक 30.03.26
आवेदक अतुल कुमार जैन निवासी दयालबंद के द्वारा ग्राम जूना बिलासपुर प.ह.नं. 36 रा.नि.मं. जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 672/43 रकबा 0.0200 हे. के सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। संदर्भित न्यायालयीन ज्ञापन के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 24.04.26 को समय 11 PM-5PM बजे किया जायेगा। अतः आप भूमि से संबंधित दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय को मौके पर अनिवार्यतः उपस्थित होवें। अनुस्थिति के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे और बाद की आपत्ति पर स्वीकार्य नहीं होगी। टीप: 1. आवेदक सीमाचिन्ह स्थापित करने हेतु आवश्यक सामग्री और मजदूर की व्यवस्था करें। 2. विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।
**राजस्व निरीक्षक**
**जूना बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

ग्राम तोरवा प.ह.नं. क्योंकि मौजा तोरवा प.ह.नं. 37 तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.) के सह-भू-धारी पारा पारो बाई पति स्व. श्रीपाल बेरीसाल निवासी शंकर नगर टाकिज गली बिलासपुर ने निम्न अनुसूची से विनिर्दिष्टि खाते में अपने भाग में बंटवारे के हेतु आवेदन किया है, तथा क्योंकि उक्त खाते का बंटवारा किया जाना प्रस्तावित किया गया है और सुनवाई दिनांक 11/5/2026 स्थान तहसील कार्यालय बिलासपुर पर 11.00 बजे न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर मे नियत किया गया है, उक्त खाते में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वे निश्चित दिनांक को स्वयं या किसी अधिवक्ता अथवा मान्य अभिकर्ता द्वारा उपस्थित हो तथा अपनी आपत्तियां यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें।

उक्त दिनांक तथा स्थान पर उपस्थित न हो पाने तथा आपत्तियां प्रस्तुत न कर पाने की दशा में किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

खाते का विवरण

| क्र. | खसरा क्रमांक | रकबा |
|---|---|---|
| | 776/14 | 0.0450 |

अतिरिक्त तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
रा.प्र.क./ब-121/2025-26
ग्राम तखतपुर तहसील तखतपुर
जिला बिलासपुर छ.ग.
**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कमल कुमार गागवानी पिता स्व. रमेश कुमार गागवानी जाति सिंधी निवासी ग्राम तखतपुर प.ह.नं. 28 तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा अपने पुत्री साक्षी गागवानी पुत्री कमल कुमार गागवानी के लिये आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिये केन्द्र सरकार के अंतर्गत लोक पदों एवं सेवाओं में नियुक्त/शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश प्राप्त करने हेतु आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई डब्लू एस) के लिये आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

प्रस्तुत प्रकरण में दिनाक 08/05/2026 को सुनवाई नियत किया गया है। उपरोक्त आवेदन के सम्बन्ध में यदि कोई व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो वे या तो स्वयं या अपने किसी मान्य अभिकर्ता अधिवक्ता के द्वारा नियत तिथि को मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जाएगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनाक 22/04/2026 को जारी किया जाता है।
**तहसीलदार तखतपुर**

**न्यायालय तहसीलदार तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
रा.प्र.क./ब-121/2025-26
ग्राम तखतपुर तहसील तखतपुर
जिला बिलासपुर छ.ग.
**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कमल कुमार गागवानी पिता स्व. रमेश कुमार गागवानी जाति सिंधी निवासी ग्राम तखतपुर प.ह.नं. 28 तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा अपने पुत्री हर्षिता गागवानी पुत्री कमल कुमार गागवानी के लिये आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिये केन्द्र सरकार के अंतर्गत लोक पदों एवं सेवाओं में नियुक्त/शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश प्राप्त करने हेतु आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई डब्लू एस) के लिये आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

प्रस्तुत प्रकरण में दिनाक 08/05/2026 को सुनवाई नियत किया गया है। उपरोक्त आवेदन के सम्बन्ध में यदि कोई व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो वे या तो स्वयं या अपने किसी मान्य अभिकर्ता अधिवक्ता के द्वारा नियत तिथि को मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जाएगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनाक 22/04/2026 को जारी किया जाता है।
**तहसीलदार तखतपुर**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कोटा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
राजस्व अपील प्र.क्र.202603072200020/ अ-70/25-26
ग्राम पीपरतराई, तहसील-कोटा,
जिला बिलासपुर छ.ग.
क्रमांक/ /वाचक-1/2026
कोटा, दिनांक 22/04/26
पक्षकार-रेशमलाल कुर्रे पिता फिरगाराम, निवासी पीपरतराई, तहसील-कोटा, जिला बिलासपुर छ.ग...अपीलार्थी। **बनाम** शत्रुहन पिता घनाराम निवासी पीपरतराई, तहसील-कोटा, जिला बिलासपुर छ.ग. ..उत्तरवादीगण।
**-: सूचना :-**
प्रति,
शत्रुहन पिता घनाराम निवासी पीपरतराई, तहसील-कोटा, जिला बिलासपुर छ.ग.
**विषय:-** पेशी में उपस्थित होने बाबत।
इस न्यायालय में अपीलार्थी शत्रुहन पिता घनाराम निवासी पीपरतराई, तहसील-कोटा, जिला बिलासपुर छ.ग. ने छ.ग.भू-राजस्व संहिता, 1959 की धारा 44 (1) के तहत ग्राम पीपरतराई, तहसील-कोटा, जिला बिलासपुर छ.ग. के रा.प्र.क्र. 202507072800102/अ-70/25-26 आदेश दिनांक 18.03.2026 के विरुद्ध में अपील आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त प्रकरण की सुनवाई 27.04.2026 को अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में नियत है।

एतद द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में उक्त दिनांक एवं स्थान में 11.00 बजे स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रकरण में भाग ले सकते हैं। अनुपस्थिति की दशा में आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

यह भी सूचित किया जाता है कि, यदि उक्त नियत दिनांक को अवकाश घोषित हो जाता है, तो प्रकरण की सुनवाई आगामी न्यायालयीन दिवस में की जावेगी। आज दिनांक को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर द्वारा जारी किया गया।
**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**कोटा- जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, शुक्रवार 24 अप्रैल 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




# सोलापुरी माता पूजा उत्सव में कलश यात्रा निकली

*बिलासपुर। पारंपरिक राटा पूजा के साथ श्री श्री सोलापुरी माता पूजा उत्सव की शुरूआत गुरूवार से हो गई है। पूजा सेवा समिति बारह खोली चौक रेल्वे परिक्षेत्र में 26वां वर्ष उत्साह से मनाया जा रहा है, वायरलेस कलोनी से भव्य राटापूजा की शोभा यात्रा रेल्वे क्षेत्र भ्रमण कर पूजा स्थल पहुंची। पूजा स्थल में दक्षिण भारत से आए पुजारी पार्थ सारथी ने राटा पूजा की तथा पोतराजू की स्थापना की गई।*

*शुक्रवार को शाम 6 बजे त्रिपुर सुंदरी मां मारीमई से शोभा यात्रा निकाली जाएग। रेलवे क्षेत्र के प्रमुख मार्गों से होते हुए माता की प्रतिमा पूजा स्थल पर पहुंचेगी, माता की विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए माता की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इसके बाद अगले आठ दिनों तक माता की प्रतिमा गीली हल्दी से अलग अलग स्वरूपो का दर्शन देंगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में सोलापुरी माता पूजा के सचिव पूर्व पार्षद एस साई भास्कर, एल श्रीनिवास राव, डी भास्कर राव, आर रवि शंकर, जे गोविंद, टी दिवाकर , बी शंकर राव, इ. अप्पा राव, टी गिरधर राव मौजूद थे। उपरोक्त जानकारी मीडिया प्रभारी डॉ एम. एस राजू द्वारा दी गई।*



**सोलापूरी माता पूजा का महत्व**

*सोलापुरी माता सात बहनें हैं, इनके एकमात्र भाई पोतराजू घुमंतू प्रवृत्ति के हैं। वे ही माताओं के रक्षक भी हैं, इसलिए काष्ठ पूजा के साथ पूजा पंडाल के समक्ष पोतराजू की भी स्थापना की गई, जो आगामी आयोजन तक सम्पूर्ण दिवस मां की प्रतिमा के सम्मुख मौजूद रहेंगे। वहीं गर्मी से मुक्ति और ग्रीष्मकालीन बीमारियों से बचाव के लिए मां सोलापुरी की आराधना की जाती है।*

**शिविर**

## राजयोग भवन में आज से सजेगी संस्कारों की पाठशाला

**बिलासपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित 'राजयोग भवन' में शुक्रवार 24 अप्रैल से 7 दिवसीय 'बाल संस्कार शिविर' का शुभारंभ होने जा रहा है।



**नन्हें कदम बढ़ाएंगे उज्ज्वल भविष्य की ओर**

सेवा केंद्र संचालिका बीके स्वाति दीदी ने आयोजन की पूर्व संध्या पर संदेश देते हुए कहा कि जैसे कच्ची मिट्टी को चाक पर चढ़ाकर सुंदर पात्र बनाया जाता है, ठीक वैसे ही 7 से 15 वर्ष की आयु वह समय है जब बच्चों के भीतर संस्कारों के बीज बोए जा सकते हैं। आज की भागदौड़ भरी और डिजिटल युग की चुनौतियों के बीच बच्चों को अपनी जड़ों और नैतिक मूल्यों से जोड़ना समय की सबसे बड़ी मांग है। उन्होंने बताया कि यह शिविर केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि खेल-खेल में जीवन जीने की कला सिखाई जाएगी। शिविर में 'मोबाइल एडिक्शन' से मुक्ति के मनोवैज्ञानिक तरीके, आत्मविश्वास बढ़ाना, खुद की आंतरिक शक्तियों को पहचानना, कठिन परिस्थितियों व परीक्षा के तनाव में खुद को शांत और स्थिर रखने का हुनर, माता-पिता का सम्मान, कृतज्ञता और अनुशासित जीवन शैली का महत्व, योग, प्राणायाम और एरोबिक्स के माध्यम से स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता सिखाया जाएगा। शिविर 24 से 30 अप्रैल तक प्रतिदिन सुबह साढ़े 7 से साढ़े 9 बजे तक चलेगा। पंजीकरण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। बीके स्वाति दीदी ने शहरवासियों से अपील की है कि इस स्वर्णिम अवसर का लाभ उठाएं और अपने बच्चों को संस्कारों के उपहार से नवाजें।

# पीतांबरा पीठ में मां बगलामुखी की जयंती पर आज विशेष पूजन, श्रृंगार

सुभाष चौक सरकंडा स्थित श्री पीतांबरा पीठ त्रिदेव मंदिर में शुक्रवार 24 अप्रैल वैशाख शुक्ल अष्टमी के दिन ब्रह्मशक्ति मां बगलामुखी की जयंती हर्षोल्लास से मनाई जाएगी।



**बिलासपुर।** इस महोत्सव की तैयारियों को लेकर पीठ के पीठाधीश्वर आचार्य डॉ दिनेश महाराज ने मां बगलामुखी के स्वरूप, उनकी उत्पत्ति और कलयुग में उनकी साधना के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।आचार्य ने बताया कि जयंती पर्व पर श्री पीतांबरा पीठ में प्रतिदिन मां बगलामुखी का भव्य श्रृंगार एवं विशेष पूजन किया जाएगा। सुबह श्री शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का विधिवत रुद्राभिषेक, श्री महाकाली, महालक्ष्मी और महासरस्वती देवी का 'श्रीसूक्त' के षोडश मंत्रों द्वारा दुग्धधारा पूर्वक अभिषेक, मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम और रिद्धि-सिद्धि के दाता श्री सिद्धिविनायक का विशेष पूजन एवं मनोहारी श्रृंगार किया जाएगा। नौ दिवसीय पीताम्बरा हवनात्मक महायज्ञ होगा जो कि वैशाख कृष्ण चतुर्दशी से प्रारंभ होकर प्रतिदिन रात्रि 8 से साढ़े 12 बजे तक चलेगा। इस अनुष्ठान की पूर्णाहुति बगलामुखी जयंती पर रात्रि में संपन्न की जाएगी। पीठाधीश्वर ने भक्तजनों से इस महापर्व में शामिल होकर मां पीतांबरा का आशीर्वाद प्राप्त करने का आह्वान किया है।

### साधना सुरक्षा कवच की तरह करती है काम

पीठाधीश्वर आचार्य डॉ दिनेश महाराज के अनुसार बगलामुखी मां की साधना एक 'सुरक्षा कवच' की तरह कार्य करती है। उनकी उपासना के कई लाभ है। यह शत्रुओं की बुद्धि और वाणी का स्तंभन कर उन्हें परास्त करती है। सुरक्षा और न्याय मिलता है। मां की साधना वाक चातुर्य और प्रभावशीलता प्रदान करती है। संतान व योग्य वर-वधु की प्राप्ति, यश-कीर्ति और ग्रहों के अशुभ प्रभाव की शांति के लिए यह साधना अचूक है। प्रतियोगी परीक्षाओं में एकाग्रता बढ़ाने विद्यार्थियों के लिए लाभदायी साबित होती है।

# टीकाकरण शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को रोगों से लड़ने करता है तैयार

**बिलासपुर।** अप्रैल के अंतिम सप्ताह 24 से 30 अप्रैल तक "विश्व टीकाकरण सप्ताह" मनाया जा रहा है। यह अभियान विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक महत्वपूर्ण पहल है। जिसका उद्देश्य टीकाकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जीवन रक्षक टीकों को हर व्यक्ति तक पहुंचाना है। डॉ के. अशोक अग्रवाल ने बताया कि टीकाकरण शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को रोगों से लड़ने तैयार करता है।

वर्ष 2026 का यह सप्ताह दुनिया को यह संदेश देता है कि "टीके केवल चिकित्सा साधन नहीं, बल्कि मानवता की सुरक्षा कवच है।" हरिभूमि लाइव की टीम ने इस संबंध में अग्रवाल चिल्ड्रन हॉस्पिटल बिलासपुर के वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल्यरोग विशेषज्ञ दम्पती डॉ अशोक के. अग्रवाल एवं डॉ शिखा अग्रवाल से विशेष बातचीत की। डॉ शिखा अग्रवाल ने बताया कि हर पीढ़ी के लिए टीके कारगर है। फॉर एव्हरी जनरेशन वैक्सीन वर्क थीम निर्धारित की गई है। यह थीम इस बात पर बल देती है कि स्वास्थ्य समानता सुनिश्चित करने के लिए हर व्यक्ति को बिना भेदभाव टीकाकरण की सुविधा मिलनी चाहिए। डॉ अशोक के. अग्रवाल ने टीकाकरण के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि टीकाकरण ने मानव इतिहास में सबसे कम खर्च में सबसे अधिक जीवन बचाया हैं। टीकाकरण ने कई घातक बीमारी स्माल पॉक्स, पोलियो, खसरा, हेपेटाइटिस बी, कोविद 19 को नियंत्रित या समाप्त किया है।



### समय पर कराएं बच्चों को टीकाकरण

डॉ अग्रवाल ने कहा कि टीकाकरण केवल व्यक्तिगत सुरक्षा नहीं बल्कि सामाजिक कर्तव्य भी है। हर नागरिक का दायित्व है कि वह स्वयं और अपने बच्चों का समय पर टीकाकरण कराएं और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करे। एक छोटा सा टीका कई जीवन बचा सकता है। विश्व टीकाकरण सप्ताह 2026 हमें यह याद दिलाता है कि टीके मानवता की सबसे बड़ी सुरक्षा है। यदि हम सभी मिलकर टीकाकरण को अपनाएं और भ्रांतियों को दूर करें, तो एक स्वस्थ, सुरक्षित और रोग-मुक्त दुनिया का निर्माण संभव है। टीकाकरण के कई लाभ हैं। इसमें गंभीर बीमारियों से सुरक्षा, शिशु, मातृ मृत्यु दर में कमी,महामारी नियंत्रण, समाज में सामूहिक प्रतिरक्षा, स्वास्थ्य खर्च में कमी आदि शामिल है। वहीं विश्व टीकाकरण सप्ताह का उद्देश्य केवल जागरूकता नहीं बल्कि व्यवहार परिवर्तन है। इसका प्रमुख लक्ष्य सभी लोगों तक टीकों की पहुंच सुनिश्चित करना, रोकथाम योग्य बीमारियों का उन्मूलन, स्वास्थ्य असमानता को कम करना, वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना टीकाकरण को सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में स्थापित करना शामिल है।

### सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए प्रभावी

ह्यूमन पैपिलोमा वायरस से बचाव हेतु एचपीवी वैक्सीन महिलाओं की स्वास्थ्य के लिए एक क्रांतिकारी कदम है। यह वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर जैसी घातक बीमारी की रोकथाम में अत्यंत प्रभावी है। भारत में इसे किशोरियों के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम में शामिल करने के प्रयास जारी हैं। इसका व्यापक उपयोग भविष्य में महिलाओं के कैंसर मामलों में बड़ी गिरावट ला सकता है।

**कार्यक्रम**

## विश्व रचनात्मकता दिवस पर नवाचार का संदेश



**बिलासपुर।** 7 सीजी बटालियन के निर्देशन में डी.पी. विप्र महाविद्यालय में विश्व रचनात्मकता एवं नवाचार दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सृजनात्मक चिंतन, नवीन विचारों व नवाचार की भावना को विकसित करना तथा उन्हें आधुनिक युग की चुनौतियों के लिए तैयार करना रहा।

**डी.पी. विप्र महाविद्यालय में हुआ आयोजन**

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अंजू शुक्ला ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के बौद्धिक, रचनात्मक एवं व्यक्तित्व विकास में अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं। डॉ विश्वास विक्टर ने कहा कि रचनात्मकता केवल कला या साहित्य तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता और प्रगति का आधार है। समाज और राष्ट्र के समग्र विकास के लिए युवाओं में नवीन सोच एवं सकारात्मक दृष्टिकोण का होना आवश्यक है। डॉ ऋचा हांडा ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में वही व्यक्ति आगे बढ़ता है, जो परंपरागत सोच से आगे निकलकर नए विचारों को अपनाने का साहस रखता है। विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा पहचानते हुए नवाचार की दिशा में निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। एनसीसी अधिकारी कैप्टन डॉ आशीष शर्मा ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के महत्व एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला और बताया कि एआई वर्तमान समय की ऐसी उन्नत तकनीक है, जो कंप्यूटर एवं मशीनों को मनुष्यों की भांति सोचने, सीखने और निर्णय लेने की क्षमता प्रदान करती है।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर प्राध्यापक डॉ मनीष तिवारी, डॉ. एमएस. तंबोली, डॉ निधीश चौबे, डॉ आभा तिवारी, प्रो. ए. श्रीराम, किरण दुबे, प्रो. ईश्वर सूर्यवंशी, प्रो. नीलम सिंह, प्रो. अंजली सोना, प्रो. मनीता सलूजा, प्रो. आकांक्षा गौतम, प्रो. साक्षी सिंह, प्रो. लेमा देवांगन, प्रकाश कौशिक, लोकेश कुमार वर्मा की उपस्थिति रही।

# भाषा सांस्कृतिक मूल्यों का सशक्त सेतु

**बिलासपुर।** डीएलएस. स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग द्वारा "अंग्रेजी भाषा दिवस" पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें प्राचार्य डॉ प्रताप पाण्डेय ने विलियम शेक्सपियर की साहित्यिक विशेषताओं पर प्रकाश डाला और कहा कि भाषा केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि विचारों, संवेदनाओं एवं सांस्कृतिक मूल्यों का सशक्त सेतु है।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। प्राचार्य ने शेक्सपियर की साहित्य को आज के समय में भी प्रासंगिक बताते हुए छात्रों को भाषा के माध्यम से सृजनात्मकता एवं चिंतनशीलता विकसित करने हेतु प्रेरित किया। महाविद्यालय की चेयरपर्सन निशा बसंत शर्मा ने आयोजकों को बधाइयां प्रेषित की। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वरचित कविताओं का पाठ किया गया। साथ ही "21वीं शताब्दी में शेक्सपियर की प्रासंगिकता" विषय पर भाषणों के माध्यम से महान साहित्यकार को स्मरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष शेख अफरीदी ने किया। प्रस्तावना पठन सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी सुशील पटेल एवं धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी ऋचा वाइक्लिफ ने किया। अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।



डीएलएस में मनाया गया शेक्सपियर स्मृति दिवस

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर सी.ई.ओ. राकेश दीक्षित, डॉ सुनीता द्विवेदी, दीप्ति धुरी, दिव्या जैन, साधना नाइक, सपना श्रीवास, प्रियंक दीक्षित, नीलाक्षी घृत, दिशा दुबे, संगीता कंवर, नागेंद्र सिंह, शिफा गौसी, जैस्मिन लकड़ा, आकाश पटेल, मेघा राव एवं ज्योति साहू सहित अनेक छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

# विश्व पर्यावरण सुरक्षा विषय पर ड्राइंग स्पर्धा लायंस क्लब बिलासपुर रॉयल का आयोजन

**बिलासपुर।** लायंस क्लब बिलासपुर रॉयल द्वारा विश्व पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से ड्राइंग एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इसका मुख्य विषय "विश्व पर्यावरण सुरक्षा" रखा गया है।

इसके अंतर्गत प्रतिभागी पृथ्वी, पर्यावरण व पॉलीथीन प्रदूषण से सुरक्षा विषय पर अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। इस प्रतियोगिता में सभी आयु वर्ग के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। प्रतिभागियों को अपने ड्राइंग एवं संबंधित विषय पर निबंध तैयार कर 25 अप्रैल शाम 5 बजे तक भेजना होगा। प्रतिभागियों को अपने नाम, कक्षा तथा चयनित विषय का उल्लेख करना अनिवार्य होगा। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। क्लब सदस्यों ने अधिक से अधिक विद्यार्थियों से इस प्रतियोगिता में भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जागरूकता एवं जिम्मेदारी प्रदर्शित करने का आग्रह किया है। कार्यक्रम की निदेशक डॉ बरखा सिंह हैं।




**आयोजन**

## चित्रकला में बच्चों ने किया सृजनात्मकता का प्रदर्शन



**बिलासपुर।** रेलवे बोर्ड के दिशा निर्देशानुसार बिलासपुर रेल मंडल में 18 से 24 अप्रैल तक विश्व विरासत दिवस सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में रेलवे विद्यालयों में चित्रकला, निबंध, लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी सृजनात्मकता और प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक स्मारकों एवं प्राकृतिक धरोहरों को आकर्षक रंगों एवं कल्पनाशीलता के साथ प्रस्तुत किया। वहीं निबंध लेखन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विरासत संरक्षण के महत्व, उसकी उपयोगिता एवं भावी पीढ़ियों के लिए उसके संरक्षण की आवश्यकता पर अपने विचार प्रभावी ढंग से व्यक्त किए। यह कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों में रचनात्मकता को प्रोत्साहित कर रहे हैं, बल्कि उन्हें देश की अमूल्य सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण के प्रति जागरूक बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे । विद्यालय प्रबंधन ने प्रतिभागी विद्यार्थियों के प्रयास की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता हेतु प्रेरित किया।

**स्पोर्टर्स न्यूज**

**मेंस सीनियर प्लेट ग्रुप टी-20 इंटर डिस्ट्रिक्ट टूर्नामेंट**

# बिलासपुर की टीम ने कवर्धा को 9 विकेट से हराया

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा मेंस सीनियर प्लेट ग्रुप टी- 20 इंटर डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बिलासपुर ब्लू ने अपना पहला मैच भिलाई के सेक्टर 10 मैदान में कवर्धा के मध्य खेलने उतरी।

जिसमें बिलासपुर ब्लू ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और कवर्धा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 17 ओवर में 90 रन बनाकर पूरी टीम आउट हो गई। कवर्धा की ओर से कपिल ठाकरे ने 40 रन और सौगात लहरें ने 13 रन बनाए। बिलासपुर ब्लू की ओर से धनंजय नायक और मोहित रावत ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन-तीन विकेट प्राप्त किया वहीं वासुदेव बैरेट ने भी दो विकेट प्राप्त किया। इसके पश्चात बिलासपुर ब्लू ने 91 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 10.01 ओवर में एक विकेट होकर लक्ष्य को हासिल कर लिए। बिलासपुर ब्लू की ओर से बल्लेबाजी करते हुए अभिजीत तह ने अंत तक नाबाद रहते हुए 35 गेंद में 57 बनाए और नयन राजकुमार चवन ने 25 रनों का योगदान दिया। कवर्धा की ओर से गेंदबाजी करते हुए ओम कोसले ने एक विकेट प्राप्त किया। इस तरह बिलासपुर ब्लू ने अपना पहला मैच 9 विकेट से जीतकर चार अंक प्राप्त करने में सफल हुई।बिलासपुर ब्लू अपना दूसरा मैच 24 अप्रैल को सेक्टर 10 मैदान में बस्तर के मध्य खेलने उतरेगी ।मैच के निर्णायक अनिल कुमार सिंह और जिगर बावरिया थे स्कोरर महेंद्र साहू ऑब्जर्वर दलजीत सिंह सिडाना थे।



### राजनांदगांव ने जीता मैच

राजनांदगांव की ओर से गेंदबाजी करते हुए अर्श वीर सिंह भाटिया, नितेश कुमार साहू, दीपक यादव और रोहन टैंक ने दो-दो विकेट प्राप्त किया । इस तरह राजनांदगांव ने यह मैच बड़ी ही आसानी से 73 रनों से जीत दर्ज किया और चार अंक प्राप्त करने में सफल हुई। 24 अप्रैल को बिलासपुर में नारायणपुर बनाम धमतरी के मध्य मैच खेला जाएगा। मैच के निर्णायक दी बालाजी कुमार और ऋषभ सोनी थे मैच सिलेक्टर अभ्युदय कांत सिंह, ऑब्जर्वर टी साई कुमार और स्कोरर महेश दत्त मिश्रा थे।

### दो मैच खेले गए

इसके अलावा बिलासपुर के राजा रघुराज सिंह स्टेडियम में राजनांदगांव बनाम नारायणपुर के मध्य मैच खेला गया।जिसमें राजनांदगांव के कप्तान दीपक यादव ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया ।और निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट खोकर 184 रन बनाएं। जिसमें विकल्प तिवारी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 53 गेंद में 82 रन बनाएं, बी बालाजी राव ने 38 रन और कप्तान दीपक यादव ने नाबाद 36 रन का योगदान दिया। नारायणपुर की ओर से गेंदबाजी करते हुए हेमंत बघेल ने दो विकेट हर्ष सरकार और चेतन श्रीवास ने एक-एक विकेट प्राप्त किया। इसके पश्चात नारायणपुर ने 185 रनों की लक्ष्य का पीछा करते हुए 19.01 ओवर में 111 रन बनाकर पूरी टीम आउट हो गई। जिसमें चेतन श्रीवास ने सबसे अधिक 59 रन यश कुमार वर्धा ने 26 रनों का योगदान दिया ।

## खबर संक्षेप

### रिटायर्ड एसईसीएल कर्मचारी घायल

**बिलासपुर।** तेज रफ्तार कार की टक्कर से रिटायर्ड एसईसीएल कर्मचारी घायल हो गए। वहीं उनकी स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, राजिकशोर नगर निवासी रिटायर्ड एसईसीएल कर्मचारी अशोक कुमार ठाकुर पिता स्व. भोला ठाकुर 22 अप्रैल की रात 8.45 बजे रमेश सिंह को स्कूटी में बैठाकर तेलीपारा से घर जा रहे थे। चांटीडीह चौक में टाटा नैनो क्रमांक सीजी 07 एमबी, 4296 के चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। जिससे श्री ठाकुर को चोट आई और स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने श्री ठाकुर की रिपोर्ट पर नैनो चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 125 ए, 281 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### डिवाइडर पर चढ़कर बेलगाम ट्रेलर पलटा



**बिलासपुर।** बेलगाम कोयले से भरा ट्रेलर डिवाइडर पर चढ़कर पलट गया। हादसे में ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। रतनपुर पुलिस के अनुसार, 23 अप्रैल को कोरबा से ट्रेलर में चालक रतनपुर गढ़वट ओमप्रकाश कश्यप पिता देवकुमार कश्यप कोरबा की ओर से कोयला भरकर बिलासपुर की ओर जा रहा था। दोपहर 3 बजे भरारी के पास ड्राइवर ने गाड़ी डिवाइडर के ऊपर चढ़ा दी, जिससे गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल ड्राइवर को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया है। वहीं एक्सवेटर से कोयला व गाड़ी को सड़क के किनारे किया गया। उसके बाद आवागमन सामान्य हो पाया है।

### अनुकंपा नियुक्ति के पूर्व मंगाई दावा-आपत्ति

**बिलासपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी ने कार्यालय में अनुकंपा नियुक्ति के लिए प्राप्त 5 आवेदकों के आवेदन के छानबीन के क्रम में 7 दिवस के भीतर दावा आपत्ति मंगाई है। यदि आवेदक के परिवार के कोई भी सदस्य शासकीय सेवा में कार्यरत हो अथवा किसी प्रकार के अपराधिक या न्यायालीन मामले उनके विरूद्ध लंबित हो तो इसकी जानकारी उक्त समयावधि में बंद लिफाफे में या स्वयं कार्यालय में उपस्थित होकर दे सकते हैं। डीईओ ने बताया कि मस्तूरी ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक शाला उड़ागी में सहायक शिक्षक एलबी के पद पर कार्यरत स्व. दुर्गेश कुमार शुक्ला के के पुत्र शिवम शुक्ला, कोटा ब्लॉक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सीस में व्याख्याता के पद पर कार्यरत स्व. देवेन्द्र कुमार दीक्षित की पत्नी चन्द्रकिरण दीक्षित, बिल्हा ब्लॉक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भाड़ी में व्यायाम शिक्षक के पद पर कार्यरत स्व. राकेश कुमार बाटवे की पत्नी रेनु बाटवे ने अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन दिया है। इसी प्रकार मस्तूरी ब्लॉक के जनपद पंचायत मस्तूरी में सं.आत.ले.परी. एवं करा. अधिकारी के पद पर कार्यरत स्व. भागवत प्रसाद सुमन के पुत्र कृष्ण कुमार सुमन एवं तखतपुर ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक शाला लिम्ही में सहायक शिक्षक एलबी के पद पर कार्यरत स्व. मनोज कुमार श्रीवास के पुत्र ओमकार श्रीवास ने आवेदन प्रस्तुत किया है।

**जमीन पशुपालन विभाग की ही** — हटाकर अन्यत्र शिफ्ट करने का सुझाव, अब कैंसर अस्पताल बनाने का प्रस्ताव 1200 करोड़ रुपए पहुंचा

# कोनी में प्रस्तावित सिम्स, मल्टी सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, कैंसर हास्पिटल और बाजू में 'बर्ड फ्लू', सीजीएमएससी ने जताई चिंता

**बिलासपुर।** कोनी में बहुमंजिला एवं सर्वसुविधायुक्त मल्टी सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल का निर्माण किया जा चुका है। कैंसर अस्पताल अब पूर्णता की ओर है और सात सौ करोड़ की लागत से बनने वाला सिम्स अब कई नई सुविधाओं के साथ 12 सौ करोड़ में बनाया जाना प्रस्तावित है। यह तीनों ही अस्पताल एक ही परिसर में स्थापित होंगे। इसके ठीक बाजू में पशुपालन विभाग का कुक्कुट पालन केंद्र स्थापित है, जहां हाल ही में फैले बर्ड फ्लू ने पूरे जिले की चिंता बढ़ा दी थी। सीजीएमएससी ने भी इस पर गहरी चिंता जाहिर करते हुए इसकी अन्यत्र शिफ्टिंग का सुझाव दिया है।

अब तक एजुकेशन हब के नाम से पहचाना जाने वाला कोनी क्षेत्र आने वाले समय में जल्द ही मेडिकल हब के नाम से भी जाना जाएगा। सारी सुवधाओं से लैस मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल तैयार होने के बाद इसी के बाजू में ही कैंसर हास्पिटल का निर्माण भी अपनी पूर्णता की ओर है। इसके अलावा इसी के आसपास ही 42 एकड़ भूमि में सिम्स का नया भवन प्रस्तावित है। यहां मेडिकल कॉलेज के अलावा फिजियोथेरेपी कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, स्टॉफ क्वार्टर्स एवं गर्ल्स व ब्वॉयज हॉस्टल का निर्माण किया जाना है। तीनों ही अस्पताल एक ही परिसर में स्थापित रहेंगे।

भविष्य के लिए चिंतनीय विषय यह है कि इन तीनों ही महत्वपूर्ण अस्पतालों से लगा हुआ एक ओर जहां वेटनरी कॉलेज का मुर्गी फार्म है, वहीं दूसरी ओर शासकीय



कक्कुट पालन प्रक्षेत्र जहां हजारों की संख्या में मुर्गियां व चूजे रखे जाते हैं। हाल ही में शासकीय पोल्ट्री में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद पूरे जिले में हड़कंप मच गया था। यहां तक कि केंद्र सरकार के निर्देशानुसार बर्ड फ्लू से मानवों में किसी भी तरह के प्रभाव की जांच के लिए एम्स रायपुर से विशेषज्ञों की तीन सदस्यीय टीम को यहां आना पड़ा व तीन दिन रहकर व्यापक जांच करनी पड़ी थी। आज की स्थिति में तो तीनों अस्पताल पूरी तरह तैयार नहीं है, वहीं मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल में भी मरीजों की बहुतायत संख्या नहीं है, लेकिन भविष्य में तीनों अस्पतालों में हजारों की संख्या में मरीजों का इलाज किया जाएगा। ऐसे में भविष्य में यहां स्थित शासकीय पोल्ट्री में बर्ड फ्लू फैलने के कारण अस्पतालों में भर्ती मरीजों व अन्य लोगों को प्रभावित होना पड़ सकता है। बीते दिनों सीजीएमएससी के एमडी के द्वारा क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान कमिश्नर, कलेक्टर एवं अन्य अधिकारियों के समक्ष इस विषय पर न केवल चर्चा, बल्कि चिंता भी जाहिर की गई है।

### जमीन हमारी और हम ही जाएं

इस संबंध में पशुपालन विभाग के संयुक्त संचालक जीएस तंवर ने कहा कि कोनी के कुक्कुट पालन व वेटनरी कॉलेज की जमीन पशुपालन विभाग की ही है। ऐसे में अपनी जमीन से ही पशुपालन विभाग के संस्थान की कहीं और शिफ्टिंग करना कितना न्यायसंगत है? उन्होंने कहा कि वैसे भी प्रस्तावित सिम्स के लिए 40 एकड़ जमीन पहले से ही दी जा चुकी है। ऐसे में हमारे पशुपालन विभाग के संस्थानों की अन्यत्र शिफ्टिंग सही नहीं है।

### प्रपोजल नहीं मिला है

इस संबंध में चर्चा जरूर हुई थी, लेकिन किसी तरह का प्रपोजल प्राप्त नहीं हुआ है। प्रपोजल प्राप्त होने की स्थिति में संबंधित विभाग से अभिमत लिया जाएगा।

**-संजय अग्रवाल**, कलेक्टर

### की गई थी चर्चा

बीते दिनों सीजीएमएससी के एमडी सहित जिला प्रशासन के अधिकारियों के द्वारा क्षेत्र का निरीक्षण किया गया था। इस दौरान प्रस्तावित सिम्स बिल्डिंग के लिए और अधिक जमीन की उपलब्धता एवं तीन-तीन बड़े अस्पतालों के ठीक बाजू में स्थित कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र से भविष्य में बर्ड फ्लू से होने वाले नुकसान को ध्यान में रखकर इसकी अन्यत्र शिफ्टिंग के संबंध में भी चर्चा हुई थी। यह चर्चा केवल मौखिक थी, जिसके लिए फिलहाल किसी भी तरह का प्रपोपज प्राप्त नहीं हुआ है।

**-राजेंद्र प्रसाद**, ईई सीजीएमएससी

**मटियारी बेलतरा मोड़ के पास हुआ हादसा, घायल अस्पताल में भर्ती**

# रांग साइड चल रहे ट्रेलर ने बाइक सवारों को रौंदा, एक की मौत, 4 घण्टे चक्काजाम


हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मटियारी बेलतरा मोड़ पर रांग साइड चल रहे ट्रेलर के चालक ने बाइक सवार दो लोगों को रौंद दिया। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजा राशि की मांग को लेकर 4 घण्टा चक्काजाम किया, जिससे उस मार्ग से गुजरने वाले लोगों को भीषण गर्मी में पसीना बहाना पड़ा है।

सीपत टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि नरगोड़ा निवासी अशोक कुमार बनर्जी पिता स्व. दिलहरण बनर्जी 40 साल, नरेंद्र कुमार बर्मन पिता छोटे लाल बर्मन 25 साल के साथ बाइक क्रमांक सीजी 10 एएल, 0594 से बिलासपुर आ रहे थे। सुबह 9 बजे मटियारी बेलतरा मोड़ के पास बिलासपुर से सीपत की ओर जा रहे ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीएच, 6397 के चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए ओवरटेक करने के फेर में नियंत्रण खो दिया और रांग साइड गाड़ी घुसाकर बाइक सवारों को रौंद दिया। हादसे में अशोक कुमार बनर्जी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई और नरेन्द्र कुमार बर्मन गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं ट्रेलर का चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। ग्रामीणों ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है।



मुआवजा राशि की मांग को लेकर चक्काजाम करते आक्रोशित ग्रामीण।



ट्रेलर के चक्के में फंसी बाइक।



घटनास्थल पर मृतक के साथ परिजन व ग्रामीण।

### 10 लाख रुपए मुआवजे की मांग

हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने घटनास्थल पर चक्काजाम कर दिया, जिससे दोनों ओर वाहनों के पहिए थम गए। सूचना मिलते ही सीपत, सरकण्डा पुलिस व जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीण मृतक के परिजन को 10 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग कर रहे थे। अधिकारियों की समझाइश के बाद भी ग्रामीण नहीं मान रहे थे और सड़क पर बैठे हुए थे। इधर जाम फंसे वाहन सवार तेज धूप में पसीना बहाते रहे। 4 घण्टे बाद दोपहर 1.30 बजे ट्रांसपोर्टर के द्वारा डेढ़ लाख रुपए व प्रशासन की ओर से 25 हजार रुपए सहायता राशि देने पर चक्काजाम समाप्त हुआ, उसके बाद जाम में फंसे लोगों ने राहत की सांस ली।

# गर्मी में लोको पायलट को मिलने लगी ठंडक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



भीषण गर्मी में अब इंजन चलाने वाले लोको पायलट और सहायक लोको पायलटों को ठंडक मिलनी शुरु हो गई है। रेल प्रशासन ने वर्षों पुरानी मांग के बाद करीब 7 हजार से अधिक इंजन में एयर कंडीशन कैब की सुविधा उपलब्ध कराई है, जिससे इंजन चालकों को थोड़ी राहत मिली है।

भीषण गर्मी में शहर के तापमान से अधिक ट्रेनों के इंजन का तापमान हो जाता है। एक ओर शहर का तापमान 42 से 45 डिग्री होता है, तो दोपहर की भीषण गर्मी और तेज धूप की वजह से लोहे से बना इंजन गरम होने के बाद अंदर के तापमान को बढ़ाकर 50 से अधिक हो जाता है। इस कई लोको पायलट और सहायक लोको पायलट की हालत भी खराब हो चुकी है। रेलवे ने इंजन चालकों को गर्मी से निपटने के लिए एक छोटा सा पंखा दिया था, जिसमें से निकलने वाले गरम हवा से पायलटों की हालत खराब हो रही थी। आल इंडिया लोको पायलट एसोसिएशन ने डिवीजन से लेकर जोन और रेलवे बोर्ड स्तर तक इंजन में एसी लगाए जाने मांग की। इस मांग में लोको पायलट अपने परिवार के साथ भी धरना प्रदर्शन और भूख हड़ताल भी किए। सालों बाद लोको पायलट एसोसिएशन की मांग पर रेल प्रशासन ने अब ध्यान दिया है। वर्ष 2014 से पूर्व एक भी रनिंग रूम वातानुकूलित नहीं था। इसमें अब सभी 558 रनिंग रूम को पूरी तरह से एयर कंडीशन्ड किया जा चुका है। इसके अलावा 7 हजार से अधिक लोकोमोटिव्स में एयर कंडीशन्ड कैब उपलब्ध कराया गया है। अब एयर कंडीशन में ट्रेन चलाकर चालक और सहायक परिचालक को गर्मी से थोड़ा आराम मिल रहा है।

### दी गई है सुविधाएं

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार रनिंग रूम में एयर कंडीशन के अलावा योग ध्यान कक्ष, रीडिंग रूम, आरओ वाटर फिल्टर, सब्सिडाइज्ड भोजन और फुट मसाजर जैसी सुविधा, लोको कैबिन में एर्गोनोमिक सीटें, विजिलेंस कंट्रोल डिवाइस, फॉग सेफ डिवाइस और जीपीएस आधारिक उपकरण लगाए गए हैं। इसी तरह नए इंजन डिजाइन में शौचालय की व्यवस्था के अलावा पुराने इंजन में रेट्रोफिटिंग से सुविधा जोड़ी जा रही है।

### कार्य समय में विश्राम

इसी तरह कार्य अवधि में कमी कर साइन ऑन से साइन आफ समय 10 घंटे से घटाकर 9 घंटे किया गया है। 52 घंटे प्रति सप्ताह की सीमा सुनिश्चित की गई है। चालक दल मोबाइल ऐप से लोको पायलट अब अपनी ड्यूटी, लॉगबुक, तकनीकी निर्देश आदि आसानी से देख सकते हैं। इसके अलावा लोको पायलटों को 70 हजार से 1 लाख 30 हजार तक मासिक वेतन अनुभव के आधार पर और रनिंग अलाउंस, नाइट ड्यूटी भत्ता, मेडिकल , पेंशन, मुफ्त यात्रा जैसे लाभ दिए जा रहे हैं।

## महिला सरपंच की सक्रियता से पकड़े गए चोर, 5 लाख 60 हजार के जेवर जब्त

**बिलासपुर।** महिला सरपंच की सक्रियता से पुलिस ने उनके मकान में चोरी करने वाले दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर दोनो ने चोरी करना स्वीकार कर लिया। उनकी निशानदेही पर चोरी गए 5 लाख 60 हजार रुपए के जेवर व नकद रकम बरामद कर ली गई है। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

सीपत पुलिस के अनुसार, 22 अप्रैल को हिंदाडीह निवासी सरपंच श्यामकली मरावी पति जगजीवन सिंह मरावी 38 साल गांव में शादी कार्यक्रम में शामिल होने चली गई थीं। घर में उनकी बेटी नियति मरावी अकेले थीं। शाम 7.30 बजे लाइट बंद होने पर उनकी बेटी दरवाजे में ताला लगाकर उन्हें बुलाने चली गई। लौटकर वे दरवाजा खोलकर

अंदर गईं तो गांव का रामेशवर यादव खिड़की से कूदकर भाग रहा था। उन्होंने शोर मचाया तो उनकी बेटी व अन्य महिलाएं घर पहुंचीं। आलमारी खोलकर देखा तो सोने चांदी के जेवर व नकद रकम की चोरी हो गई थी। उसके बाद उन्होंने अपने पति को चोरी होने की जानकारी दी। सीपत थाने जाकर उन्होंने चोरी की सूचना देकर गांव के रामेश्वर यादव के द्वारा चोरी करने की जानकारी दी। पुलिस ने हिंदाडीह निवासी रामेश्वर यादव पिता स्व. बालकराम यादव 19 साल को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर उसने गांव के रोहित दास मानिकपुरी पिता जीवन दास मानिकपुरी 27 साल के साथ मिलकर चोरी कर जेवर खाड़ा के खार में जमीन खोदकर छिपाना बताया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर उसके दोस्त रोहित दास मानिकपुरी को पकड़कर खार में जमीन खोदकर छिपाकर रखे चोरी के जेवर सोने का मंगलसूत्र, हार, लाकेट, झुमका, पायल, करधन, चूड़ा, गौफला माला, बिछिया व 14 हजार रुपए नकद रकम सहित 5 लाख 60 हजार का सामान जब्त कर लिया है। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

## तलाकशुदा महिला को होटल में ले जाकर किया अनाचार, 70 हजार रुपया भी लिए

**बिलासपुर।** नौकरी देने के बहाने एक युवक ने तलाकशुदा महिला को होटल ले जाकर अनाचार किया, फिर बहाना बनाकर 70 हजार रुपए भी वसूल लिया। पुलिस ने युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, तोरवा क्षेत्र में रहने वाली एक तलाकशुदा महिला अपने दो बच्चों के साथ मायके में रह रही है। महिला तोरवा चौक के पास विजय यादव के साथ डीएसी कंपनी में लोन देने का काम करती है। उसी आफिस में संदीप नाम के युवक ने लोन के लिए आफिस में आवेदन दिया था। वह महिला को झांसा देकर सरकण्डा रायल होटल लेकर गया और शादी करने की बात कहते हुए शारीरिक संबंध बनाया। उसके बाद वह हमेशा महिला को होटल में ले जाकर शारीरिक संबंध बनाता रहा। महिला ने शादी करने का दबाव बनाया तो युवक बहन की शादी होने के बाद शादी करने की बात कहकर घुमाने लगा। इसी दौरान युवक ने 60 से 70 हजार रुपए भी आनलाइन के माध्यम से ले लिया। वर्तमान में युवक महिला से 6 लाख रुपए की मांग कर रहा है, नहीं देने पर बर्बाद करने व उनके बच्चे, माता पिता को मरवा देने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर छतदास महंत के खिलाफ बीएनएस की धारा 351, 3, 69 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### युवक पर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** युवती के साथ घूम रहे एक युवक को युवकों ने मेरी गर्लफ्रेंड के साथ क्यों घूम रहे हो कहकर पीटा और चाकू से हमला कर दिया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, रायपुर मोवा सैलेना पैराडाईज निवासी आर्यन दुबे पिता अभय कुमार दुबे विगत 9 माह से मंगला में किराए के मकान में रहकर आटो डीलिंग का काम कर रहे हैं। 23 अप्रैल को रात 2.30 बजे वे अपने दोस्त एक युवती के साथ मैग्नेटो मॉल के पास आए। उसी समय यश उर्फ नीतिन एवं उसके साथी वहां आए और आर्यन को मेरे गर्लफ्रेंड को क्यों घूमा रहे हो कहकर गाली गलौज कर हाथ मुक्का से जमकर मारपीट की और चाकू से हमला कर दिया, जिससे आर्यन के सिर, कंधा, पैर में चोट आई है। पुलिस ने आर्यन की रिपोर्ट पर यश उर्फ नीतिन एवं उसके साथियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

## 3 लाख की लकड़ी सहित पकड़ा गया आरोपी

**बिलासपुर।** वन विभाग की टीम ने मुखबिर की सूचना पर तीन लाख रुपए की लकड़ी, अन्य सामान सहित आरोपी को पकड़ा है, जिसके खिलाफ वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

बिलासपुर वन मंडल अंतर्गत कोटा वन परिक्षेत्र के उप वनमंडलाधिकारी अनिल भास्करन को मुखबिर से सूचना मिली कि अमलीकांपा विकासखंड तखतपुर के एक घर में बड़ी मात्रा में लकड़ी रखी गई है। सूचना मिलने के बाद मुख्य वन संरक्षक मनोज पाण्डेय और वन मंडलाधिकारी नीरज कुमार के आदेश पर तत्काल कार्रवाई करने का आदेश दिया गया। आदेश मिलने के बाद वन विभाग के परिक्षेत्र सहायक कोटा सुरेश बंजारे, खोंगसरा के परिक्षेत्र सहायक नरेन्द्र बैसवाड़े, टेंगनमाड़ा के सूरज मिश्रा, वनपाल कृष्ण कुमार यादव, वनरक्षक लक्ष्मीनारायण साहू, उदय प्रकाश श्रीवास्तव, देव यादव, शैलेन्द्र पोर्ते, रूपा यादव, संदीप पोर्ते, अनुराग तिवारी, सूरज भोई ने बिलासपुर उड़नदस्ता और पुलिस की संयुक्त टीम के साथ अमलीकांपा तखतपुर निवासी पिंकू खांडे गीता खांडे के घर दबिश दी। टीम को घर और बाड़ी से एक नग रमदा मशीन, सागौन, साल चिरान, शीशम चिरान सहित 3 लाख 24 हजार 370 रुपए का सामान मिला। टीम ने लकड़ी सहित सारे सामानों को जब्त कर लिया। वहीं आरोपी वन विभाग की टीम के पहुंचने से पहले ही मौके से फरार हो गया था, जिसकी खोजबीन शुरु कर दी गई है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

## दो हजार सीमांकन पेंडिंग, कलेक्टर ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर अनुभाग एवं बेलतरा तहसील में लंबित राजस्व मामलों की समीक्षा बैठक के दौरान केवल बिलासपुर अनुभाग में ही सीमांकन के दो हजार प्रकरण लंबित होने की जानकारी पर कलेक्टर ने गहरी नाराजगी जाहिर की है।

उन्होंने औसत से ज्यादा पेंडेंसी होने की बात कहते हुए नक्शा बटांकन व सीमांकन के लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। मंथन सभाकक्ष में गुरूवार को बिलासपुर अनुविभाग एवं बेलतरा तहसील के राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर संजय अग्रवाल ने लंबित सीमांकन एवं बटांकन प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि बटांकन एवं सीमांकन के सभी लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि अभी भी कई प्रकरण ऑफलाइन लंबित हैं, जिन्हें तत्काल ऑनलाइन दर्ज कर नियमानुसार बटांकन करते हुए सीमांकन कार्य पूर्ण किया जाए।

■ बोले- लेटलतीफी बर्दाश्त नहीं

बैठक में बताया गया कि केवल बिलासपुर अनुविभाग में लगभग 2 हजार सीमांकन के मामले लंबित हैं जो कि औसत से ज्यादा हैं। इन प्रकरणों का तेजी से निराकरण सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर ने ये विशेष बैठक आयोजित की थी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन हेतु अतिरिक्त टीमों का गठन कर नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि राजस्व सेवाओं का समयबद्ध और पारदर्शी क्रियान्वयन शासन की प्राथमिकता है। अतः सभी अधिकारी जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए आमजनों को राहत पहुंचाने सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रकरणवार समीक्षा कर स्पष्ट कार्ययोजना बनाने और उसकी सतत समीक्षा करने के निर्देश भी दिए।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

खबर संक्षेप

### मुख्य नपा अधिकारी पांडेय ने ग्रहण किया कार्यभार



**मुंगेली।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी अंकुर पांडेय के कार्यभार ग्रहण करने पर नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारियों एवं पार्षदों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी अंकुर पांडेय ने कहा कि, गर्मी को देखते हुए नगर में पेयजल व्यवस्था सुधारने एवं राजस्व वसूली पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। नगर पालिका के कार्यों का क्रियान्वयन जनता के सहयोग से ही पूर्ण हो पाएगा, इसलिए सामंजस्य बनाकर नगर विकास का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा, जनता से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता दी जाएगी एवं आमजन से नगर पालिका कार्यों में सहयोग की अपेक्षा होगी। उन्होंने विकास कार्यों को प्राथमिकता व गुणवत्तापूर्वक कराने का संकल्प लिया।

### पहलगाम आतंकी हमले के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि



**लोरमी।** मेडिकल टीम एवं राजपूत समाज ने पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए लोगों को कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। ज्ञात हो कि 22 अप्रैल 2025 को आतंकियों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बैरन घाटी को सैलानियों के खून से रंग दिया था, जिसमें 26 निर्दोषों की जान गई थी। मेडिकल टीम लोरमी एवं राजपूत समाज ने 2 मिनट का मौन धारण कर पहलगाम हमले के शहीदों को नमन किया। इस दौरान राजपूत समाज के प्रमुख संजय राजपूत, विनोद राजपूत, जगदीश कश्यप, मेडिकल टीम के नगर अध्यक्ष मिंटू छाबड़ा, उपाध्यक्ष जीवन साहू, सचिव मुकेश कश्यप, कोषाध्यक्ष अवधेश राजपूत, जितेंद्र राजपूत, इंद्रमणि राजपूत, हरीश देवांगन, राजेश झरिया, जितेंद्र साहू उपस्थित रहे।

### राजीव गांधी कॉलेज की छात्राओं ने एबीयू को सौंपा ज्ञापन



**लोरमी।** राजीव गांधी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के बीए की छात्राओं ने परीक्षा परिणाम को लेकर बिलासपुर के अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय पहुंचकर महाविद्यालय प्रशासन के खिलाफ ज्ञापन सौंपा। जानकारी के अनुसार महाविद्यालय की 35 से अधिक छात्राओं को इंग्लिश विषय में फेल किया गया है। इस पर पर छात्राओं ने आक्रोश प्रकट करते हुए पुनर्मूल्यांकन की मांग की है। छात्राओं ने दी चेतावनी यदि जल्द उचित कार्रवाई नहीं हुई तो वे आगे आंदोलन के लिए बाध्य होंगी। इस पर परीक्षा नियंत्रक ने दोबारा जांच कराने व शीघ्र कार्रवाई का आश्वाशन दिया है। पीड़ति छात्राओं ने बताया कि भीषण गर्मी में स्थानीय महाविद्यालय के प्रिंसिपल को ज्ञापन सौंपने गए तो उन्होंने ज्ञापन लेने से इनकार करते हए एबीयू के परीक्षा नियंत्रक को ज्ञापन सौंपने की बात कही। इस दौरान देवा कुर्रे, पुष्पेंद्र दिवाकर, गोपी भास्कर, भूपेंद्र दाहरीरे, विशाल टण्डन, राकेश, लक्ष्मी, भारती, ज्योति पोर्ते, प्रीति चतुर्वेदी, मोनिका पाटले, आराधना, मिष्ठारानी, दुर्गा निषाद, दिन्देश्री घृतलहरे, हिमांशु, पायल सहित अन्य मौजूद रहे।

### श्री शिवशक्ति रूद्र महायज्ञ व भागवत कथा शुरू



**सेतगंगा-मुंगेली।** ग्राम सेतगंगा में श्री शिवशक्ति रूद्र महायज्ञ एवं सरस संगीतमयी श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ 21 अप्रैल से हो गया। 23 अप्रेल को सुबह 8 बजे भव्य कलश यात्र निकाली जाएगी। आयोजन समिति के अनुसार श्रीमद भागवत कथा प्रतिदिन शाम 4 बजे से 7 बजे तक होगी। आयोजन में कथावाचक बालव्यास पं भोलेश्वर महराज हैं। यज्ञ आचार्य काशी के वैदिक विद्वानों द्वारा संपन्न कराया जाएगा। साथ ही 23 अप्रेल से रात्रि कालीन अंतर्राष्ट्रीय राम लीला का आयोजन भी किया जाएगा।

### खपरीडीह आंगनबाड़ी में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम

**लोरमी।** ग्राम पंचायत खपरीडीह आंगनबाड़ी में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें गर्भवती महिलाओं को पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। इसके पश्चात अन्नप्राशन संस्कार का आयोजन कर शिशुओं के उचित पोषण पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर कुपोषण को दूर करने, संतुलित आहार अपनाने तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

## नारी शक्ति वंदन बिल को लेकर भाजपा की प्रेस वार्ता

# अधिनियम से संसद व विस में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी: पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

- यह राजनीति से परे महिलाओं के अधिकार व सम्मान का विषय: तोखन




'नारी शक्ति वंदन' अधिनियम को ऐतिहासिक कदम बताते हुए आयोजित पत्रकार वार्ता में पूजा विधानी, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू तथा पुन्नूलाल मोहले ने संयुक्त रूप से महिलाओं के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

पत्रकारों को संबोधित करते हुए महापौर पूजा विधानी ने कहा कि, महिलाओं को समान अवसर देना केवल सामाजिक न्याय का विषय नहीं, बल्कि देश के समग्र विकास का आधार है। उन्होंने कहा कि, नारी शक्ति वंदन अधिनियम से संसद और विधानसभा में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी और निर्णय प्रक्रिया में उनकी प्रभावी भूमिका सुनिश्चित होगी, केंद्र सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है। केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने कहा कि, 2011 के जनगणना के आधार पर परिसीमन और महिला आरक्षण का बिल लाया गया, वर्तमान में जनगणना का काम चल रहा है। उन्होंने कहा, मोदी जी की मंशा है जनगणना, महिला आरक्षण और परिसीमन तीनों एक साथ हो जाए, और सभी माताओं और बहनों को लाभ को उनका अधिकार व सम्मान मिले। पत्रकार वार्ता में उपस्थित नेताओं ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि, महिलाओं के प्रतिनिधित्व से जुड़े मुद्दों पर राजनीतिक स्वार्थ से ऊपर उठकर निर्णय लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि, यह विषय राजनीति से परे महिलाओं के अधिकार और सम्मान का है। अंत में सभी नेताओं ने महिलाओं के अधिकार, सम्मान और समान भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प दोहराया तथा आमजन से इस पहल का समर्थन करने की अपील की। इस पत्रकार वार्ता में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडे, जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, अंजना देवी दास जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा, सुनील पाठक जिला उपाध्यक्ष, दुर्गा गेंदले, श्वेता सोनी, यशोदा यादव, सुशला जायसवाल, पूजा गुप्ता, रेखा ठाकुर, अनीता साहू, पूर्णिमा अहिरवार, फुलवा सिंह परिहार तथा भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## स्कीर्पियो की टक्कर से बाइक सवार पति-पत्नि की मौत





- बेटी की शादी के लिए खरीददारी कर लौटते वक्त हुआ हादसा

**लोरमी।** बेटी के विवाह के लिए वैवाहिक सामान की खरीददारी कर लौट रहे दंपति की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत से क्षेत्र में हडकंप मच गया। पुलिस ने पंचनामा व पीएम के बाद मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार फास्टरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम लगरा निवासी इंद्रेश्वर तिवारी उम्र 56वर्ष व उनकी पत्नी देवेश्वरी 48 वर्ष मुंगेली से अपनी बेटी की शादी के लिए समान खरीद कर वापस घर आ रहे थे। इसी दौरान ग्राम दाबो के नवोदय विद्यालय के पास विपरीत दिशा से आ रही स्कॉर्पियो ने जबरदस्त उन्हे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि, बाइक सवार दंपति दूर खेत में जा गिरे। चालक सहित स्कार्पियो सवार अन्य लोग हादसे के बाद से फरार बताए जा रहे हैं।इधर पति-पत्नि के फोन नहीं उठाने पर घबराए परिजन रात 11 बजे उन्हें खोजने निकले एवं काफी समय तक इधर-उधर भटकने के बाद देर रात 3 बजे घटना स्थल पहुंचे, जहां दूर खेत में पति-पत्नी की लाश मिली। सूचना पर पुलिस सुबह घटना स्थल पहुंची और शवों के शिनाख्त के बाद पीएम के लिए जिला अस्पताल रवाना किया गया। पुलिस वाहन के चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर मामले की विवेचना में जुट गई।

### गांव में छाया मातन

हादसे के बाद से गांव में मातम पसरा हुआ है एवंर परिजन सदमे में है। 26 अप्रैल को मृतक दंपति की बेटी का विवाह होने वाला था। इंद्रेश्वर अपने घर के मुखिया थे, उनके गुजर जाने के बाद परिवार के सामने बड़ी मुसीबत खड़ी हो गई है। हादसे में दो लोगो की मृत्यु हुई है, स्कार्पियो वाहन में कोई नहीं मिला है।

## श्रीकृष्ण रासलीला कार्यक्रम में शामिल हुए उपमुख्यमंत्री साव



**लोरमी।** उप मुख्यमंत्री एवं स्थानीय विधायक अरुण साव गुरुवार को लोरमी के परदेशीकापा में आयोजित श्रीकृष्ण रासलीला कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि, रहस लीला हमारे गांवों की समृद्ध परंपरा है, जिसमें राधा-कृष्ण के निस्वार्थ प्रेम को नृत्य और संगीत के माध्यम से प्रस्तुत किया जाता है। श्री साव ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि, कृष्ण परमात्मा के प्रतीक हैं, और राधा जीवात्मा का स्वरूप हैं।

आत्मा और परमात्मा के मिलन के इस भाव को रहस लीला के माध्यम से सहज रूप में प्रदर्शित किया जाता है।

उन्होंने कहा, यह परंपरा व्यक्ति के जीवन को श्रेष्ठ बनाने और निस्वार्थ भाव से ईश्वर की प्राप्ति का मार्ग दिखाती है। प्रेम, श्रद्धा और निष्काम भाव से ही परमात्मा की प्राप्ति संभव है, जिसका संदेश राधा-कृष्ण के प्रेम से मिलता है। उन्होंने आगे कहा कि हमारी परंपराएं केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं हैं, यह समाज को सही दिशा देने का कार्य करती हैं। नवधा रामायण, पंथी नृत्य और रहस लीला जैसे आयोजन हमें अपनी संस्कृति से जोड़ते हैं और जीवन के मूल्यों की याद दिलाते हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति रत्ना काटले ,परदेशीकापा सरपंच भगवती खांडेकर , उप सरपंच नवलकुमार खरे, स्वारथ दिवाकर, जनक भास्कर, भागवत, दिनेश बंजारे, जनपद सदस्य डुमेश्वरी धर्मेंद्र बघेल, मनहरन, प्रदीप बंजारे, प्रदीप गायकवाड़, दुलेश्वरी बघेल, गुरमीत सलूजा, विक्रम सिंह ठाकुर, रवि शर्मा, मंडल अध्यक्ष सुशील यादव, दिनेश कश्यप, राजेंद्र साहू, लेखराज ठाकुर, रामेश्वर बंजारे, यशवंत बंजारे, घनेद्र राजपूत सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने किया जिला कोषालय का निरीक्षण

**मुंगेली।** कलेक्टर कुन्दन कुमार ने कलेक्टोरेट स्थित जिला कोषालय का वार्षिक निरीक्षण कर वित्तीय प्रबंधन एवं अभिलेख संधारण की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कोषालय के स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखे स्टाम्प एवं टिकटों का परीक्षण किया तथा विभिन्न प्रकार के रजिस्टरों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। कलेक्टर ने कोषालय की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, सुरक्षा एवं सुव्यवस्थित अभिलेख संधारण सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि, सभी प्रक्रियाएं निर्धारित नियमों के अनुरूप संचालित हों तथा अभिलेखों को नियमित रूप से अद्यतन किया जाए। जिला कोषालय अधिकारी ने बताया कि, छत्तीसगढ़ कोषालय संहिता के अनुसार कलेक्टर द्वारा वर्ष में एक से दो बार कोषालय का निरीक्षण किया जाता है। इस दौरान संबंधित विभागीय अधिकारी–कर्मचारी मौजूद रहे।

## मनरेगा के कामों में अनियमितता मजदूरों की जगह जेसीबी से तालाब निर्माण

- मजदूरों के हक पर मशीनों का कब्जा, नियमों का उल्लंघन



**पेंड्रा।** जिले के गौरेला क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरा में मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों में गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। जिला पंचायत और कलेक्टर कार्यालय से महज कुछ ही दूरी पर स्थित इस पंचायत में तालाब निर्माण कार्य में मजदूरों के बजाय भारी मशीनों का उपयोग किया जा रहा है।

मौके से सामने आई तस्वीरों और वीडियो में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि, कार्यस्थल पर जेसीबी और ट्रैक्टर जैसे वाहनों से खुदाई और मिट्टी ढुलाई का काम किया जा रहा है। यह स्थिति योजना के मूल उद्देश्य पर ही सवाल खड़ा करती है, क्योंकि मनरेगा का उद्देश्य ग्रामीण गरीबों को अकुशल श्रम के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराना है। स्थानीय जानकारी के अनुसार, यह कार्य पंचायत के सरपंच तूफान सिंह और सचिव किसन राठौर की देखरेख में कराया जा रहा है। हालांकि, दोनों ने सफाई देते हुए कहा है कि, जेसीबी से केवल कचरा हटाया जा रहा है और ट्रैक्टर से उसे डंप किया जा रहा है।

### योजना के नियमों का उल्लंघन

नियमों के तहत मिट्टी खुदाई, ढुलाई या अन्य श्रमप्रधान कार्यों में जेसीबी जैसी भारी मशीनों का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित है। केवल सीमित परिस्थितियों में ही कुछ मशीनों के उपयोग की अनुमति दी जाती है। दिनदहाड़े मशीनों से कराए जा रहे इस कार्य ने न केवल मजदूरों के रोजगार पर असर डाला है, बल्कि प्रशासनिक निगरानी पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिला पंचायत कार्यालय के पास ही इस तरह की अनियमितता सामने आने से जिला पंचायत सीईओ, मनरेगा एपीओ सहित संबंधित अधिकारियों की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। देखना यह होगा कि मामला उजागर होने के बाद प्रशासन क्या कार्रवाई करता है और जिम्मेदारों के खिलाफ क्या कदम उठाए जाते हैं।

## सनराइज क्रिकेट अकादमी को मिली आधुनिक खेल सामग्री किट

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



शासन की ओर से खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में खेल विभाग मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव के निर्देशानुसार कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में जिले में संचालित पंजीकृत संस्था सनराइज क्रिकेट अकादमी को आधुनिक खेल सामग्री किट का वितरण किया गया, इससे जिले में खेल प्रतिभाओं को नया मंच मिलेगा।

यह कार्यक्रम डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में आयोजित हुआ। खेल सामग्री वितरण से बच्चों में खासा उत्साह नजर आया। खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों की उपस्थिति ने आयोजन को उत्साहपूर्ण बना दिया। कलेक्टर ने कार्यक्रम के दौरान क्रिकेट बॉलिंग मशीन, हेलमेट, बैट, बॉल, नेट सहित विभिन्न आवश्यक खेल सामग्रियों का वितरण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि, राज्य शासन द्वारा खेलों के विकास और खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है, बल्कि यह अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का भी निर्माण करता है। कलेक्टर ने आगे कहा कि, ग्रामीण और छोटे शहरों में छिपी प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए इस प्रकार की योजनाएं अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। कार्यक्रम में मौजूद क्रिकेट अकादमी के संचालक ने शासन और जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, इस खेल सामग्री से बच्चों को बेहतर प्रशिक्षण मिलेगा और उनके प्रदर्शन में सुधार आएगा। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और भविष्य में इसी तरह की योजनाओं के माध्यम से जिले में खेल गतिविधियों को और गति देने की बात कही।

## यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने कलेक्टर, एसपी ने ली बैठक




**गौरेला।** गौरेला और पेंड्रा शहर में ट्रैफिक एवं यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने के संबंध में बुधवार को कलेक्ट्रेट के अरपा सभा कक्ष में कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी एवं पुलिस अधीक्षक मनोज खिलारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें जनप्रतिनिधि, नागरिक, मीडिया, यातायात, पुलिस सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में गौरेला के रेलवे स्टेशन, मंगली बाजार, गांधी चौंक, संजय चौक तथा पेंड्रा के आजाद चौक एवं दुर्गा चौक क्षेत्र में ट्रैफिक नियंत्रण एवं यातायात व्यवस्था के संबंध में चर्चा की गई। चर्चा उपरांत दोनों शहरों के चौक-चौराहों, एवं सड़क पर अपने घर के सामने अवैध रुप से वाहन पार्कि करने पर चालानी कार्रवाई करने पर सहमति व्यक्त की गई। बैठक में दोनो शहरों में बिना किसी बाधा के सुगम तरीके से यातायात व्यवस्था के लिए विचार-विमर्श किया गया। जनप्रतिनिधियों ने रोड मार्किंग, सड़कों पर दुकान लगाने वाले व्यापारियों एवं सब्जी बिक्रेताओं पर सख्ती से रोक लगाने तथा आम लोगों से यातायात नियमों का पालन कराने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ मुकेश रावटे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश मिश्रा, गौरेला नपा अध्यक्ष मुकेश दुबे, उपाध्यक्ष रोशनी तापस शर्मा, पेंड्रा नपा अध्यक्ष राकेश जलान, उपाध्यक्ष शरद गुप्ता, एसडीएम पेंड्रारोड विक्रांत अंचल, एसडीएम मरवाही देवेन्द्र सिरमोर, जिला परिवहन अधिकारी विवेक सिन्हा, यातायात प्रभारी सिद्धार्थ शुक्ला, थाना प्रभारी गौरेला, मुख्य नगर पालिका अधिकारी गौरेला एवं पेंड्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## सीटी स्कैन मशीन का अवलोकन कर दिए आवश्यक निर्देश

# जिला अस्पताल पहुंचे तोखन, व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**मुंगेली।** मरीजों को बेहतर एवं आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में जिला चिकित्सालय में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इसके साथ ही जिला चिकित्सालय में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने लगातार प्रयास किया जा रहा है।

इसी क्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू एवं मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले ने जिला चिकित्सालय पहुंचकर नवस्थापित सीटी स्कैन मशीन का अवलोकन किया और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री ने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों से चर्चा कर मशीन के संचालन, उपयोगिता एवं मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि, सीटी स्कैन जैसी आधुनिक जांच सुविधा का अधिकतम लाभ जिले के जरूरतमंद मरीजों तक पहुंचना सुनिश्चित किया जाए, ताकि उन्हें समय पर सटीक जांच एवं उपचार मिल सके। केंद्रीय श्री साहू ने कहा कि, जिला स्तर पर उन्नत चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता से मरीजों को बड़े शहरों की ओर जाने की आवश्यकता कम होगी, जिससे समय और आर्थिक दोनों की बचत होगी। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिए कि, आयुष्मान योजना के तहत अधिक से अधिक मरीजों को लाभान्वित किया जाए तथा ओपीडी एवं आईपीडी मरीजों के लिए जांच प्रक्रिया को सरल एवं सुलभ बनाया जाए। इस दौरान कलेक्टर कुन्दन कुमार ने बताया कि, जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य सेवाओं को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है और नई तकनीकों के माध्यम से मरीजों को गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, वनमंडलाधिकारी अभिनव कुमार, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शीला साहा, डीपीएम गिरीश कुर्रे, सिविल सर्जन डॉ एमके रॉय सहित चिकित्सक, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## 17.98 करोड़ की सड़क का किया भूमिपूजन



केंद्रीय राज्यमंत्री एवं बिलासपुर सांसद तोखन साहू ने चातरखार में मुंगेली से बाघामुड़ा तक सड़क मार्ग के उन्नयन कार्य का भूमिपूजन किया। यह कार्य राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-130ए के अंतर्गत मुंगेली शहरी क्षेत्र में 'वन टाइम इम्प्रूवमेंट' योजना के तहत किया जाएगा, जिसकी कुल लंबाई 5.265 किलोमीटर एवं स्वीकृत लागत 17.98 करोड़ रुपए है। कार्यक्रम में श्री साहू ने कहा कि, सड़क निर्माण कार्यों में पारदर्शिता और जानकारी का सार्वजनिक प्रदर्शन आवश्यक है, ताकि आमजनों को योजना की स्पष्ट जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि, केंद्र और राज्य सरकारें नागरिकों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में प्रदेश में विकास कार्यों को गति मिल रही है। कार्यक्रम में विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि, सरकार आमजनों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सड़क निर्माण कार्य में नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि, जनभागीदारी से ही विकास कार्य समय पर और गुणवत्तापूर्ण पूरे हो सकते हैं।